रोहतक
रविवार 6 सितंबर 2026
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
दशमी वर्ष : 30, अंक : 213
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.5
न्यून. 23.7

haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

7 सबालेंका ने 54 मिनट में जीता मुकाबला, चौथे दौर में पहुंचीं

शहरों में 25 हजार टन कूड़े के ढेर अल्टीमेटम को हड़तालियों का ठेंगा

सरकार ने 5 सितंबर को काम पर लौटने को कहा था, कर्मी मांगों पर अड़े

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

प्रदेश में छह अगस्त से हड़ताल पर चल रहे सफाई कर्मचारियों ने शनिवार को सरकार के अल्टीमेटम को ठेंगा दिखाते हुए हड़ताल जारी रखी। सरकार ने कर्मियों को 5 सितंबर को काम पर लौटने को कहा था, हालांकि एस्मा लागू करने और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी के बाद भी सफाई कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। प्रदेश में 25 हजार टन कूड़े के ढेरों ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। गंदगी के कारण बीमारियों का भी खतरा बना हुआ है। शनिवार को सभी जिलों में नपा कर्मचारी संघ हरियाणा और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने यूनियन के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर एस्मा लागू करने और कार्रवाई की धमकी देने वाले पत्र की प्रतियां जलाकर रोष व्यक्त किया। संघ ने घोषणा की कि रविवार को पानीपत में मंत्री कृष्ण लाल पंवार और फरीदाबाद में मंत्री राजेश नागर के आवास पर झाड़ू प्रदर्शन किया जाएगा। हड़ताल आगे बढ़ाने को लेकर भी आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

गुस्साए कर्मचारियों ने मंत्रियों के कैंप कार्यालयों पर किया झाड़ू प्रदर्शन

मंत्री विपुल गोयल के ऑफिस के बाहर हंगामा, झाड़ू लहराई

फरीदाबाद में सफाईकर्मियों ने स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के ऑफिस के बाहर जमकर हंगामा किया। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह मंत्री के काफिले में शामिल कमांडो एस्कॉर्ट गाड़ी पर चढ़ गए। माइक लेकर 'हल्ला बोल हल्ला बोल' के नारे लगाने लगे। उनके समर्थन में अन्य सफाईकर्मी झाड़ू लहराने लगे। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें अंदर घुसने से रोका।

सरकार ने वेतन बढ़ाकर 25560 रुपये किया

- सरकार ने सफाई कर्मियों का वेतन 20590 से बढ़ा 25560 करने का ऐलान किया है
- सरकार कर्मियों को हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी अधिनियम 2024 के अंतर्गत लाने को तैयार है। इससे 60 वर्ष तक सेवा की सुनिश्चितता हो जाएगी
- 2000 रुपये प्रतिमाह जोखिम भत्ता देने का भी सैद्धांतिक निणर्य लिया गया है
- कर्मचारियों को वार्षिक महंगाई भत्ता, डेथ-कम-रिटायरमेंट कम ग्रेच्युटी, मातृत्व अवकाश तथा एक्स-ग्रेशिया नियुक्ति जैसे लाभ भी मिलेंगे

23 हड़ताली कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त

हड़ताल पर चल रहे नपा और अग्निशमन विभाग के कर्मियों को लिखित चेतावनी जारी करने के बाद अब इन पर गाज गिरने की मुहिम चल पड़ी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सरकार के आदेशों पर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशालय ने 23 हड़ताली कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। बताया गया है कि पालिका रोल पर तैनात 13 और हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के माध्यम से लगे 10 फायर कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें बाहर कर दिया गया है।

पांच सफाई कर्मियों पर केस दर्ज

पानीपत नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने और निजी एजेंसियों के काम में बाधा पहुंचाने के मामले में हडताल पर चल रहे सफाई कर्मचारियों सन्नी निवासी गांव सौंदापुर वार्ड नंबर 21, विजय निवासी राम नगर तहसील कैंप, अजय निवासी लख्मी कॉलोनी काबड़ी रोड, नरसी निवासी कश्यप कॉलोनी जाटल रोड और कुलदीप निवासी शांति कॉलोनी उझा रोड के खिलाफ थाना सिटी पुलिस ने आयुक्त नगर निगम डॉ पकंज यादव की शिकायत पर केस दर्ज किया है। वहीं, इससे पहले भी थाना सिटी पुलिस 12 कर्मचारियों पर केस दर्ज कर चुकी है।

जी ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा पर सीबीआई की एफआईआर

फर्जी नेटवर्थ दिखाकर 1,322 करोड़ का लोन लेने का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। जी ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा सहित चार लोगों के खिलाफ सीबीआई ने 1,322 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की शिकायत पर की गई है। एलआईसी का आरोप है कि सुभाष चंद्रा ने फर्जी नेटवर्थ सर्टिफिकेट जमा करके अपनी कंपनियों के लिए लोन लिया। बाद में नेटवर्थ सर्टिफिकेट से मुकर गए। सीबीआई ने सुभाष चंद्रा के अलावा पंकज सुरोलिया, अमिश पांड्या और राजीव ढोलकिया पर केस दर्ज किया है। चारों पर 2018 से 2026 के बीच धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है।

एलआईसी ने सीबीआई से की शिकायत बाद में नेटवर्थ सर्टिफिकेट से मुकर गए



चंद्रा के अलावा पंकज सुरोलिया, अमिश पांड्या और राजीव ढोलकिया पर केस दर्ज

59,113 करोड़ की नेटवर्थ दिखाई थी

एलआईसी का आरोप है कि सुभाष चंद्रा ने साल 2018 में 'मेसर्स वसंत सागर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड' और अपनी अन्य कंपनियों के लिए लोन लिया था। लोन मंजूर कराने के लिए उन्होंने एक 'नेटवर्थ सर्टिफिकेट' जमा किया था, जिसमें उनकी व्यक्तिगत कुल संपत्ति 59,113 करोड़ दर्शाई गई थी। इस भारी-भरकम नेटवर्थ को आधार बनाकर एलआईसी एचएफएल ने उनकी कंपनियों को 1,322 करोड़ से ज्यादा का लोन दिया था। जब एस्सेल ग्रुप की कंपनियां कर्ज नहीं चुका सकीं, तो सुभाष चंद्रा के खिलाफ दिवालिया घोषित करने की कार्रवाई शुरू की गई।

नेपाल बाढ़ : 11वें दिन जिंदा मिले दो लोग

- 740 फीट लंबी सुरंग से चीनी नागरिक बचाया
- 64 साल की महिला घर के मलबे में मिली
- 275 भारतीय त्रासदी के बाद अब भी लापता

काठमांडू। नेपाल में भीषण बाढ़ के 10 दिन बाद भी हजारों लापता हैं। शनिवार को राहत व बचाव दलों ने अलग-अलग अभियानों में एक चीनी नागरिक और एक नेपाली महिला को जिंदा बचा लिया। नुवाकोट में 64 साल की महिला का रेस्क्यू किया गया। उनके घर का निचला हिस्सा मोटी कीचड़ की परत में पूरी तरह दब गया था और वह उसी में फंस गई थीं। वहीं, नेपाली सेना और दक्षिण कोरिया की रेस्क्यू टीम ने त्रिशूली-1 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की एक सुरंग से चीनी व्यक्ति को बाहर निकाला। वह करीब 225 मीटर (740 फीट) लंबी सुरंग के अंदर था। बचाव के बाद उसकी स्वास्थ्य जांच की जा रही है। नेपाल में भूस्खलन के बाद अब तक 1344 की मौत हो चुकी है। 12 हजार लोगों को बचा लिया गया है तथा 5300 लापता हैं।

- अब तक 1344 की मौत, 12 हजार बचाए, 5300 लापता

खबर संक्षेप

जोहेरी मोल डोमिंग्वेज बनीं मिस वर्ल्ड 2026

नई दिल्ली। डोमिनिकन रिपब्लिक की जोहेरी मोल डोमिंग्वेज मिस वर्ल्ड 2026 चुनी गईं हैं। वियतनाम के न्हा ट्रांग में हुए ग्रैंड फिनाले में मिस वर्ल्ड 2025 रहीं ओपल सुचाता चुआंगश्री ने जोहेरी को ताज पहनाया। स्पेन की एलिसाबेथ रेनेस रनर अप रहीं। वहीं, मलेशिया की तानुसिया चेट्टी तीसरे स्थान पर रहीं। भारत की ओर से निकिता पोरवाल ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वह टॉप-20 में जगह नहीं बना सकीं।

- टॉप-20 तक नहीं पहुंची भारत की निकिता

वांगचुक ने लद्दाख में फिर आंदोलन की दी चेतावनी

नई दिल्ली। लद्दाख में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे लेह एपेक्स बॉडी (लैब) ने 9 सितंबर को गृह मंत्रालय के साथ होने वाली बातचीत से पहले आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। वांगचुक ने कहा कि अगर बैठक में ठोस और सकारात्मक प्रगति नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। अनुच्छेद 371 के तहत सुरक्षा, पिछले साल 24 सितंबर की हिंसा के मामलों को वापस लेने, पीड़ितों को मुआवजा देने और जांच आयोग की रिपोर्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं।

गणित की लैब बनाने वाले अनिल को नेशनल व स्टेट शिक्षक अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शिक्षक दिवस 2026 के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में देश के 82 उत्कृष्ट शिक्षकों और शिक्षाविदों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया, इनमें रोहतक जिले से राजकीय माडल संस्कृतिक स्कूल सांघी के शिक्षक अनिल भी शामिल रहे।

शिक्षक अनिल ने अपनी मां के साथ राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त किया है। अनिल को शिक्षक दिवस के अवसर पर पंचकूला में राज्य शिक्षक पुरस्कार

समारोह आयोजित किया गया। जहां राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके पिता लख्मीनारायण को राज्य शिक्षक पुरस्कार दिया।

ई-कंटेंट वीडियो बनाए

गणित जैसे कठिन विषय को बच्चों के लिए खेल बनाने वाले अनिल ने ई-लर्निंग में कमाल का काम किया है। उन्होंने करीब 400 ई-कंटेंट वीडियो तैयार किए हैं, जो वर्चुअल लैब पर अपलोड हैं। 22 ऑनलाइन कक्षाओं के जरिए आज देश भर के बच्चे नेशनल दीक्षा पोर्टल पर पढ़ाई कर रहे हैं। उड़ान प्रोजेक्ट दीक्षा पोर्टल के लिए इन्होंने कक्षा 9वीं और 10वीं के गणित विषय के कई वीडियो लेक्चर तैयार किए हैं।

केरलम में सड़क हादसे में 8 इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की मौत

त्रिशूर। केरलम के त्रिशूर जिले में शुक्रवार देर रात एक कार हाईवे पर खड़ी लॉरी से टकरा गई। हादसे में कार सवार 8 इंजीनियरिंग छात्रों की मौत हो गई। हादसा रात करीब 11:40 बजे कैपामंगलम के पनंबिकुन्नू में हुआ। सभी मृतक तमिलनाडु के डिंडीगुल के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र थे।

एयरफोर्स काफिले पर फायरिंग में शामिल आतंकी यासिर ढेर

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में सेना और पुलिस ने गुरुवार को जॉइंट ऑपरेशन में एक पाकिस्तानी आतंकी को मार गिराया। आतंकी की पहचान यासिर उर्फ अबु तल्हा के रूप में

हुई है। पुलिस के मुताबिक, यासिर पाकिस्तानी नागरिक था और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। यह 2024 में पुंछ में एयरफोर्स के काफिले पर फायरिंग में शामिल था। इस हमले में एक जवान शहीद हो गया था। इस आतंकी की तस्वीर पहली बार पहलगाम हमले के दौरान सामने आई थी।

मां की दूसरी शादी पर नहीं बदलेगा बच्चे के पिता का नाम

चंडीगढ़ (हरिभूमि ब्यूरो)। किसी बच्चे के जन्म के बाद माता-पिता के वैवाहिक जीवन में आए बदलाव से उसके जन्म प्रमाणपत्र में दर्ज जैविक माता-पिता का तथ्य नहीं बदला जा सकता। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक मामले में स्पष्ट किया कि माता-पिता में से किसी एक की दूसरी शादी हो जाने से जन्म प्रमाणपत्र में दर्ज बच्चे के जैविक पिता का नाम बदलने का आधार नहीं बनता। अदालत ने कहा कि जन्म प्रमाणपत्र बच्चे के जन्म और उसके माता-पिता से संबंधित उस समय के तथ्य को दर्ज करता है, जिसे बाद की किसी घटना के आधार पर मिटाया नहीं जा सकता। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी एक महिला ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की।

याचिकाकर्ता ने अपने नाबालिग बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र में उसके पिता का नाम बदलकर जगजीत सिंह करने की मांग की थी। वर्तमान प्रमाणपत्र में बच्चे के जैविक पिता के तौर पर अन्य नाम दर्ज था। याचिका में मुख्य आधार यह था कि बच्चे की मां ने दोबारा शादी कर ली है। इसी वजह से जन्म प्रमाणपत्र में दर्ज माता-पिता संबंधी विवरण में बदलाव की मांग की गई थी।

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

यूएन में प्रस्ताव पास, भारत पक्ष व अमेरिका विरोध में

कागज पर बदल गया दुनिया का नक्शा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया का नक्शा अब बदला नजर आएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नक्शे में बदलाव करने का ऐतिहासिक प्रस्ताव पास किया है। भारत ने भी प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। 164 देशों में से अमेरिका प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने वाला अकेला देश रहा। इस फैसले से देशों और महाद्वीपों के क्षेत्रफल पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बस इनका आकार पहले से थोड़ा छोटा या बड़ा दिख सकता है। अब तक धरती पर देशों और महाद्वीपों को दिखाने के लिए मर्केटर वर्ल्ड मैप का उपयोग किया जाता था। इसमें देशों और महाद्वीपों का आकार उनके असली क्षेत्रफल से बड़ा या छोटा दिखता था। नए नक्शे का नाम इक्वल अर्थ प्रोजेक्शन है। इसमें अफ्रीका पहले से काफी बड़ा, जबकि यूरोप और उत्तरी अमेरिका छोटे नजर आएंगे। एशिया के कुछ हिस्सों का आकार भी पहले से छोटा दिखेगा।

मौजूदा नक्शे में क्या दिक्कत थी?

दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले नक्शों में से एक मर्केटर नक्शा है। इसे यूरोपियन मैप मेकर जेरार्डस मर्केटर ने 1569 में बनाया था। इसका मकसद समुद्र में जहाजों के रास्ते और दिशा को समझना आसान बनाना था। लेकिन पूरी गोल धरती को सपाट नक्शे पर दिखाने की वजह से इसमें देशों और महाद्वीपों का आकार असल से अलग नजर आने लगता है। जैसे-जैसे कोई इलाका भूमध्य रेखा से दूर जाता है, वह नक्शे पर जरूरत से ज्यादा बड़ा दिखाई देने लगता है।

भारत: क्षेत्रफल वही, बड़ा दिख सकता है आकार

भारत की वास्तविक जमीन, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं या क्षेत्रफल में कोई बदलाव नहीं होगा। यह बदलाव देशों की सीमाएं बदलने वाला नहीं, बल्कि नक्शे पर पृथ्वी को दिखाने का तरीका बदलने वाला है। भारत का नक्शा देखने में भी थोड़ा अलग दिख सकता है, लेकिन भारत के मामले में बदलाव बहुत बड़ा नहीं होगा। नया नक्शा क्षेत्रफल सही अनुपात में दिखाता है। पुराने नक्शे में भूमध्य रेखा के आसपास के इलाके अपने आकार से छोटे और ध्रुवों के पास के इलाके बड़े दिखते हैं। भारत भूमध्य रेखा से बहुत दूर नहीं है, इसलिए पुराने नक्शे में भी उसका आकार कुछ हद तक छोटा दिखता है।

खबर संक्षेप

शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

पंचकूला। फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफपीएआई) की पंचकूला शाखा और राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हरियाणा के सहयोग से रोटरी क्लब चंडीगढ़, इनरव्हील क्लब पंचकूला और विश्वास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।एफपीएआई पंचकूला के महाप्रबंधक मनोज गर्ग ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने रक्तदाताओं और सहयोगी संस्थाओं का आभार जताते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी से ऐसे सामाजिक कार्यों को मजबूती मिलती है और भविष्य में भी जनहित के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

प्रमोद के अंतिम संस्कार पर बनी सहमति

सोनीपत। दिल्ली के नरेला में जिम के बाहर गांव नाहरी निवासी प्रॉपर्टी डीलर प्रमोद की गोली मारकर हत्या के मामले में चार दिन बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गए हैं। शनिवार शाम गांव में हुई पंचायत में दिल्ली पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई का भरोसा मिलने के बाद रविवार को प्रमोद का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों की मांग पर पुलिस ने हत्याकांड में शामिल हमलावरों की गिरफ्तारी पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पंचायत में दहिया चौबीसा के प्रधान उमेश दहिया, एमसीडी नरेला जोन के उपाध्यक्ष दिनेश भारद्वाज, गांव के दोनों सरपंच, पूर्व सरपंच और आसपास के गांवों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। ग्रामीणों के बुलावे पर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल भी पंचायत में पहुंचे। ग्रामीणों ने हत्याकांड पर नाराजगी जताते हुए हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्याकांड की जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। हमलावरों की तलाश में कई राज्यों में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने नवाजे प्रदेश के शिक्षक

राज्य शिक्षक पुरस्कार से 79 'गुरुजी' सम्मानित

एक-एक लाख रुपये, पदक, शॉल और दो-दो अग्रिम वेतन वृद्धि मिलेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

शिक्षक दिवस के अवसर पर हरियाणा के 79 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण योगदान के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित शिक्षकों को एक-एक लाख रुपये की नकद राशि, पदक, शॉल और दो-दो अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की गई। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष और स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भी मौजूद रहे।

शिक्षक केवल ज्ञान नहीं, विवेक और संस्कार भी देता है : राज्यपाल

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि का नहीं, बल्कि पूरे शिक्षक समुदाय, शिक्षा व्यवस्था और हरियाणा के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान है।उन्होंने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि शिक्षण केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज निर्माण का सशक्त माध्यम है। शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और शिक्षा के महत्व को स्वीकार करने का अवसर भी है।

अगले सत्र से उच्चतर व तकनीकी शिक्षकों को भी मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को शिक्षक दिवस के मौके पर अहम घोषणा की और कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से उच्चतर शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और प्रौद्योगिकी शिक्षा से जुड़े शिक्षक भी राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगे। वर्तमान में यह पुरस्कार केवल विधालय शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को दिया जाता है।उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ये घोषणा शनिवार को पंचकूला में आयोजित राज्य शिक्षक सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए की।

प्रदेश के 250 विद्यालयों को सीएम-ईईई स्कूलों के रूप में विकसित किया जा रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में चालू वित्त वर्ष के लिए स्कूल शिक्षा का बजट बढ़ाकर 18 हजार 538 करोड़ रुपये किया है। यह वर्ष 2014-15 में मात्र 8 हजार 400 करोड़ रुपये था। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दायरा बढ़ाने के लिए मॉडल संस्कृति विद्यालयों की संख्या 218 की है। इसके साथ ही, 251 पीएम श्री विद्यालय विकसित किए हैं और इस वर्ष 250 विद्यालयों को सीएम-ईईई स्कूलों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन विद्यालयों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। इसीप्रकार बच्चों को उनके घर के समीप बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 719 उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं। पढ़ाई के साथ बच्चों को खेलों में प्रोत्साहन देने के लिए 3 हजार 328 विद्यालयों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को एक लाख रुपये दिए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा-सुशासन को जन-जन तक पहुंचाएंगे : नायब

हर जिले में बनेगी लाभार्थियों की सूची बूथों पर जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मंत्री, विधायक और आमजन मिलकर बनाएंगे जन-अभियान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हरियाणा में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों और सफल क्रियान्वयन को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों और उनके समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।बैठक में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण बेदी और आरती सिंह राव तथा राज्यमंत्री गौरव गौतम मौजूद रहे। राज्यमंत्री राजेश नागर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 23 जिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित परियोजनाओं और हरियाणा की प्रमुख विकास परियोजनाओं को चिन्हित कर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। 17 सितंबर की शाम प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों और आमजन के घर जाकर 'आशीर्वाद का दीया' जलाया जाएगा। प्रधानमंत्री की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अभियान से जोड़कर उनके घरों पर दीया जलाया जाएगा और उनके अनुभवों को सामने लाया जाएगा। जिला प्रशासन इन कार्यक्रमों की वीडियो रिकॉर्डिंग कराएगा और फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र लाभार्थी छूटना नहीं चाहिए। मंत्री, विधायक, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आमजन को भी इस जनजागरण अभियान से जोड़ा जाए। ग्राम सचिवालय, व्यायामशालाओं, किसानों के लिए किए गए कार्यों, सड़कों, एक्सप्रेसवे और अन्य प्रमुख विकास परियोजनाओं को भी चिन्हित किया जाए, ताकि विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के सामने प्रस्तुत किया जा सके। चित्रकला, भाषण और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। सरकारी और निजी दोनों स्कूलों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर की शाम 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगी। इसके तहत कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जनता और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर पहुंचकर प्रधानमंत्री के प्रति विश्वास, आभार और देश के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के प्रतीक के रूप में दीया जलाएंगे।

विश्वविद्यालयों में होंगे सेमिनार, सार्वजनिक स्थानों पर दिखाई जाएगी विकास यात्रा की डॉक्यूमेंट्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों तथा लोगों के जीवन में आए बदलाव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालयों में सेमिनार आयोजित किए जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर विकास यात्रा से संबंधित डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाए। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के जीवन में आए बदलाव को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए।

'सेवा सेतु' शिविरों में योजनाओं का मिलेगा लाभ

अभियान के दौरान ब्लॉक स्तर पर विशेष 'सेवा सेतु' शिविर लगाए जाएंगे। इनमें प्रशासन सीधे जनता के बीच पहुंचकर पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करेगा। इन शिविरों में 'लाडो लक्ष्मी योजना' को भी प्रमुखता से जोड़ा जाएगा, ताकि पात्र महिलाओं को योजना के बारे में जानकारी और सहायता मिल सके। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत परिवार की वार्षिक आय की पात्रता सीमा बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये करने का प्रस्ताव है। इसके बाद प्रदेश में लगभग 17 लाख नए लाभार्थियों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। 1 नवंबर से पात्र लाभार्थियों को योजना की राशि का भुगतान शुरू किया जाएगा। 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में 180 स्थानों पर समाजसेवा की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक विधायक के साथ समाज के सक्रिय लोगों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा।

48 घंटे में बिजारणिया का दूसरा तबादला, एसटीएफ से अब रिजर्व बटालियन भेजे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने 48 घंटे के अंदर फिर पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। 9 आईपीएस-एचसीएस अफसरों के ट्रांसफर किए गए हैं। करनाल एसपी नरेंद्र बिजारणिया को अब इंडिया रिजर्व बटालियन में कमांडेंट लगाया गया है। वहीं, आईपीएस मेधा भूषण को एसपी पानीपत और दीप्ति गर्ग को एसपी पलवल लगाया गया है। दोनों के 3 सितंबर को जारी पिछली पोस्टिंग के आदेश रद्द कर दिए गए हैं। 3 सितंबर के ट्रांसफर आदेश में बिजारणिया को एसटीएफ में एसपी लगाने के आदेश जारी हुए थे। इनके साथ ही नए आदेशों में आईपीएस लोकेंद्र सिंह को क्राइम ब्रांच का एसपी लगाया गया है। वहीं, आईपीएस सुरेंद्र सिंह भोरिया को हरियाणा पुलिस एकेडमी का कमांडेंट बनाया गया है। पानीपत की एसपी बनाई गईं दीप्ति गर्ग को नए ट्रांसफर आदेश में पलवल का एसपी नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे झज्जर की एसपी थी। वहीं, मेघा भूषण को पानीपत का नया एसपी लगाया गया है। पुलिस सूत्रों की माने तो दीप्ति गर्ग पानीपत की मूल निवासी हैं। गृह जिले में तैनाती और प्रशासनिक नियमों के चलते उन्होंने पदभार ग्रहण नहीं किया था।

रोड़ समाज ने की थी करनाल एसपी के ट्रांसफर की मांग

करनाल में बीरू वाल्मीकि मर्डर केस के बाद हुए डबल एनकाउंटर में हर्ष और बीरबल नाम के युवकों को ढेर कर दिया गया था। हर्ष रोड़ समाज का था। रोड़ समाज एनकाउंटर को फेक बताते हुए लगातार एसपी नरेंद्र बिजारणिया के तबादले की मांग कर रहा था।3 सितंबर को ट्रांसफर पोस्टिंग के आदेश में उन्हें एसटीएफ भेजा गया था। इसके 48 घंटे के बाद ही नए आदेशों के बाद उन्हें अब आईआरबी भेज दिया गया।

विकास मॉडल बारिश में तैरता दिखाई दे रहा

चंडीगढ़। सांसद और मंत्री सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार का तथाकथित विकास मॉडल बारिश के पानी में तैरता दिखाई दे रहा है। देश की राजधानी नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लेकर मिलेनियम सिटी गुरुग्राम और हरियाणा के विभिन्न शहरों तक मामूली बारिश के बाद होने वाला जलभराव सरकारी दावों की वास्तविकता उजागर कर रहा है। शहरों में सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हैं, सीवर व्यवस्था ठप है और लोगों को स्वच्छ पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा। सैलजा ने कहा कि करोड़ों प्रचार और विज्ञापनों पर खर्च करके विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के दावे किए जाते हैं, लेकिन दावे फेल हो चुके है।

22 साल पुराने 14 किलो चूरा पोस्त मामले में दोषी को राहत

हरियाणा। करीब 22 साल पुराने 14 किलो चूरा पोस्त रखने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने काका सिंह को राहत दी है। अदालत ने उसकी एक साल के कठोर कारावास की सजा को पहले ही जेल में बिताई तीन माह 22 दिन की अवधि तक सीमित कर दिया। हालांकि, हाईकोर्ट ने उसकी दोषसिद्धि बरकरार रखते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना भी कायम रखा है। मामला वर्ष 2003 का है। थाना रोड़ी, सिरसा में पांच नवंबर 2003 को काका सिंह के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 15 के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोप था कि उसके कब्जे से बिना परमिट या लाइसेंस के 14 किलो चूरा पोस्त बरामद हुआ। सिरसा की सत्र अदालत ने दो नवंबर 2007 को उसे दोषी ठहराया और छह नवंबर को एक साल के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।इसके खिलाफ वर्ष 2008 में हाईकोर्ट में अपील दायर की गई।

- हाईकोर्ट ने एक साल की सजा घटाकर जेल में बिताई तीन माह 22 दिन की अवधि तक की

23 साल बाद जन्मतिथि सुधार का दावा खारिज

चंडीगढ़। सरकारी कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में वर्षों से दर्ज जन्मतिथि को बदलवाना आसान नहीं है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जन्मतिथि सुधार की मांग से जुड़े एक मामले में स्पष्ट किया कि यदि कर्मचारी लंबे समय तक एक ही जन्मतिथि को स्वीकार करता रहा हो और बाद में बिना ठोस कारण के उसमें बदलाव की मांग करे तो केवल जन्म प्रमाणपत्र या अन्य दस्तावेज के आधार पर रिकॉर्ड में बदलाव का अधिकार नहीं बन जाता। जस्टिस हरकेश मनुजा ने सूरज मल की नियमित द्वितीय अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कैथल के कर्मचारी की द्वितीय अपील खारिज की

मामला कैथल का है। सूरज मल ने दावा किया था कि उसकी वास्तविक जन्मतिथि 2 जुलाई 1969 है, जबकि मैट्रिक प्रमाणपत्र और सरकारी सेवा रिकॉर्ड में गलती से 1 दिसंबर 1968 दर्ज हो गई। उसका कहना था कि उसके अशिक्षित माता-पिता के कारण गलत जन्मतिथि दर्ज हुई थी। उसने गांव नैना के चौकीदार रजिस्टर और जन्म प्रमाणपत्र को सही जन्मतिथि का आधार बताते हुए सेवा रिकॉर्ड, सर्विस बुक और मैट्रिक प्रमाणपत्र में संशोधन की मांग की थी। मामले में हाईकोर्ट के सामने सबसे अहम तथ्य यह रहा कि सूरज मल ने वर्ष 1985 में मैट्रिक परीक्षा का फार्म खुद भरा था और उसमें जन्मतिथि 1 दिसंबर 1968 दर्ज की थी। यही जन्मतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के रिकॉर्ड में भी दर्ज रही। इसके बाद 13 नवंबर 1997 को शिक्षा विभाग में एसएस मास्टर के पद पर नियुक्ति के समय भी सेवा पुस्तिका में यही तारीख दर्ज की गई। इसके बावजूद मार्च 2008 में उसने दावा किया कि उसे गांव के चौकीदार रजिस्टर से अपनी वास्तविक जन्मतिथि 2 जुलाई 1969 होने की जानकारी मिली है। यानी मैट्रिक परीक्षा का फार्म भरने के करीब 23 साल बाद और सरकारी सेवा में आने के लगभग 11 साल बाद उसने जन्मतिथि में सुधार की मांग की।

दरवाजा तोड़कर घर में घुसे युवकों ने बीमार युवक पर किया हमला

बहादुरगढ़। गांव जाखोदा में दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर सो रहे बीमार व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पर डंडों से वार किए गए, जिसमें उसे काफी चोट आई। दो अज्ञात हमलावरों पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता अजीत का कहना है कि कुछ दिन से उसे बुखार था। दवा लेने के बाद वह बरामदे में सो गया। दरवाजे की कुंडी लगा रखी थी। इसी दौरान अज्ञात हमलावर दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। उनके पास डंडे व हथियार थे। एक हमलावर ने मुझ पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। शोर सुनकर पत्नी व बेटा आए तो हमलावर बाइक पर सवार होकर भाग गए। जाते जाते बोले कि पुलिस को बताया तो जान से मार देंगे। इसके बाद मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और खतरे को देखते हुए मेरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उधर, आसौदा पुलिस जांच में जुटी है।

प्रदेश के कॉलेजों में सीटें भरना उच्च शिक्षा विभाग के लिए बना धर्मसंकट

2.30 लाख में से 1.08 लाख सीटों पर ही एडमिशन, 1.22 लाख सीटें खाली

विदेश, निजी विश्वविद्यालय और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रहा युवाओं व अभिभावकों का रुझान

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के सामने सरकारी कॉलेजों में यूजी की सीटें भरना चुनौती बन गया है। सरकारी, सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित कॉलेजों में उपलब्ध करीब 2.30 लाख सीटों में से 24 अगस्त तक महज 1.08 लाख सीटों पर ही दाखिले हो सके हैं। यानी करीब 53 फीसदी सीटें अभी भी खाली हैं। बदलते शिक्षा रुझान, विदेश में पढ़ाई का बढ़ता आकर्षण और निजी विश्वविद्यालयों की ओर युवाओं व अभिभावकों के बढ़ते रुझान को इसके प्रमुख कारणों में माना जा रहा है।

सरकार के निर्देश पर बढ़ाई गई दाखिले की अंतिम तिथि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के निर्देशों के बाद दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 सितंबर 2026 कर दी गई है। विभाग को अब इस अवधि में करीब 42 हजार और दाखिले कराने होंगे। कई कॉलेजों में सीट आवंटित होने के बावजूद विद्यार्थियों ने दाखिला नहीं लिया है, जिससे आवंटन के बाद खाली बची सीटों को भरना चुनौती बना हुआ है।

विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में यूजी की कम से कम 1.50 लाख सीटों पर दाखिले का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब करीब 42 हजार और दाखिलों की जरूरत है। ऐसे में खाली सीटों को भरना विभाग और कॉलेज प्रबंधनों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों के 1,68,887 पंजीकरण हुए हैं, जबकि सरकारी, सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित कॉलेजों में करीब 2.30 लाख सीटें उपलब्ध हैं। इसके बावजूद 24 अगस्त तक केवल 1.08 लाख विद्यार्थियों ने यूजी में दाखिला लिया।उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए 1.50 लाख यूजी दाखिलों का लक्ष्य निर्धारित किया है। दाखिले की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक बढ़ाए जाने के बाद विभाग के पास लक्ष्य पूरा करने के लिए सीमित समय बचा है। ऐसे में सरकारी कॉलेजों के प्रबंधकों के सहयोग से करीब 42 हजार अतिरिक्त दाखिले कराने होंगे।

पहली और दूसरी मेरिट सूची में दाखिले बढ़े

सत्र 2025-26 की तुलना में सत्र 2026-27 में दाखिलों की संख्या में कुछ वृद्धि जरूर हुई है। सूत्रों के अनुसार पहली मेरिट सूची के आधार पर 7,824 और दूसरी मेरिट सूची के आधार पर 1,341 अधिक विद्यार्थियों ने दाखिला लिया। इसके बावजूद कुल दाखिले विभाग के निर्धारित लक्ष्य से काफी दूर हैं। पहली और दूसरी मेरिट सूची के बाद तीसरे चरण में दाखिला प्रक्रिया की रफ्तार काफी धीमी हो गई। आईटी सेल के अनुसार 1,68,887 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन सभी ने दाखिले में रुचि नहीं दिखाई। भौतिक ओपन काउंसलिंग में भी पिछले सत्र के मुकाबले इस बार दाखिले कम हुए हैं। सत्र 2025-26 में जहां 61,891 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया था, वहीं सत्र 2026-27 में यह संख्या घटकर 38,356 रह गई। यानी 23,535 कम दाखिले हुए और तीसरे चरण में 38.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सूत्रों के अनुसार कुछ कॉलेजों में ओपन काउंसलिंग का समय दोपहर 12 से 1 बजे तक रखा गया था। इससे विद्यार्थियों को दाखिले के लिए पर्याप्त समय और अवसर नहीं मिल सका। मामला संज्ञान में आने के बाद विभाग ने सभी कॉलेजों को ओपन काउंसलिंग की प्रक्रिया शाम 4 बजे तक जारी रखने के निर्देश दिए।

कांग्रेस के संगठन में बड़ा फेरबदल

भूपेश की जगह सचिन पंजाब के प्रभारी सुरेजवाला को गुजरात का प्रभार सौंपा

- पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने में जुटी हाईकमान
- छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को असम का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

कांग्रेस ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए छह राज्यों के लिए नए प्रभारी महासचिव और प्रभारी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। इसके तहत राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को पंजाब का प्रभारी महासचिव बनाया गया है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को असम का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को गुजरात का प्रभारी महासचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें कर्नाटक के प्रभारी महासचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। पार्टी की ओर से जारी प्रेस रिलीज के अनुसार सुखदेव भगत को छत्तीसगढ़, डॉ. श्रीवेल्ला प्रसाद को महाराष्ट्र और पी.वी. मोहन को आंध्र प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। संगठन में बदलाव के तहत जितेंद्र सिंह, रमेश चेन्निथला और मणिकम टैगोर को संबंधित प्रभारी महासचिव/प्रभारी पदों से मुक्त किया गया है। कांग्रेस ने उनके योगदान की सराहना की है। वहीं, मुकुल वासनिक कांग्रेस के महासचिव के पद पर बने रहेंगे। पार्टी के इस फेरबदल को विभिन्न राज्यों में संगठन को मजबूत करने और राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है।

दूसरे चरण की तैयारी में जुटे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी संजय दत्त

चंडीगढ़। प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की कवायद में जुटे नए नए प्रभारी संजय दत्त ने अब नई जान डालने और संगठन को पूरी तरह से सक्रिय करने की मुहिम को तेज कर दिया है। पहले चरण के दौरे समाप्त करने के बाद प्रभारी ने अब दूसरे चरण का कार्यक्रम भी तैयार कर लिया है। अब से पहले प्रदेश में जिलेवार, विधानसभा वार कार्यकर्ताओं के बीच संपर्क बनाने के साथ ही अब इससे भी आगे निकलने की दिशा में कदम उठाया जाएगा। अर्थात जिले और विधानसभा के बाद अब ब्लाक स्तर पर भी संपर्क साधा जाएगा।दत्त अभी तक सिरसा हिसार को छोड़कर 21 जिलों में दौरा कर चुके हैं। प्रदेश की 90 सीटों में से 78 में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह साथ में सक्रिय हैं, सिरसा और हिसार में संगठन सृजन अभियान के दूसरे चरण के तहत केंद्रीय पर्यवेक्षकों की प्रक्रिया दौरों में अहम संदेश देने की तैयारी है।

खबर संक्षेप

फायरिंग कर व्यापारियों से 7 लाख रुपये लूटे

फतेहाबाद। हिसार-फतेहाबाद मार्ग पर खारा खेड़ी के पास सारंगपुर रोड पर कार सवार 3-4 नकाबपोश बदमाशों ने एक गाड़ी को रोककर फायरिंग की। आरोपी गाड़ी में रखे 7 लाख रुपये से भरा बैग लूटकर भाग गए। आदमपुर निवासी संदीप व कुलदीप और सदलपुर निवासी प्रमोद शनिवार शाम करीब 7 बजे अपनी वेन्यू गाड़ी से आदमपुर से बड़ोपल स्थित पेट्रोल पंप पर पेमेंट देने जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी खारा खेड़ी के पास सारंगपुर रोड पर पहुंची, तभी एक वरना कार में आए 3-4 नकाबपोश बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। गाड़ी सवार संदीप और अन्य लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही बदमाशों ने गाड़ी पर 3 से 4 राउंड फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज से इलाके में दहशत फैल गई। फायरिंग के बाद बदमाशों ने गाड़ी में रखा 7 लाख रुपए का नकदी से भरा बैग जबरन छीन लिया। हथियार लहराते हुए वे अपनी कार से मौके से फरार हो गए।

गैस कनेक्शन कटने का डर दिखाकर ठगी

बहादुरगढ़। शहर में ठगों द्वारा लोगों के पास गैस कनेक्शन कटने के मैसेज भेजे जा रहे हैं। कनेक्शन कटने का डर दिखाकर लोगों के खाते साफ किए जा रहे हैं। अब ओमेक्स के निवासी एक व्यक्ति को एक लाख रुपये से अधिक की चपत लगा दी गई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी है। ओमेक्स निवासी पवन का कहना है कि वह प्राइवेट जॉब करता है। गत 3 सितंबर को उसके पास कॉल आई। कॉलर ने गैस कनेक्शन कटने का डर दिखाते हुए व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और उस पर क्लिक करने के लिए कहा। कॉलर द्वारा एपीके फाइल भेजी गई। जैसे ही उस पर क्लिक किया तो वह इंस्टॉल हो गई। फिर एकाएक फोन पर ओटीपी आने शुरू हो गए। इस दौरान क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 2 हजार 117 रुपये कट गए। उन्होंने तुरंत अपने तमाम खाते ब्लॉक कराए और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

सर्पदंश से महिला की मौत, एक व्यक्ति गंभीर

झज्जर। जिले में हुई सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। पहली घटना क्षेत्र के गांव सुर्खपुर की है जहां खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गई महिला करीब 63 वर्षीय कमला पत्नी तेजराम को सांप ने डस लिया। घटना का पता चलने पर परिजन उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान कमला की मौत हो गई। दूसरी घटना क्षेत्र के गांव सूरहा की है। जहां तालाब किनारे एक व्यक्ति को सांप ने डस लिया। गंभीर रूप से घायल मित्रपाल को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह उपचाराधीन है।

बीएसएफ जवान की पत्नी ने फंदा लगाकर दी जान, पति पर केस दर्ज

गुरुग्राम। भोंडसी में बीएसएफ कैंप के सामने एक कॉलोनी में बीएसएफ जवान की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान डिंपी बोहरा के तौर पर हुई है। वह मूल रूप से असम के नौगांव की रहने वाली थी। डिंपी अपने पति के साथ भोंडसी में किराए के मकान में रहती थी। घटना की सूचना मिलते ही भोंडसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के परिजनों ने डिंपी के पति देवाशीष पर उसे लंबे समय से परेशान करने का आरोप लगाया है। परिजनों की शिकायत और उनके बयानों के आधार पर पुलिस ने देवाशीष के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। देवाशीष बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। परिजनों का आरोप है कि घरेलू हालात और पति की प्रताड़ना के कारण डिंपी मानसिक रूप से परेशान थी। हालांकि, आत्महत्या की असली वजह पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगी। जांच अधिकारी एएसआई सुनील ने बताया कि बीएसएफ कांस्टेबल देवाशीष के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

जम्मू कश्मीर में वीरगति को प्राप्त हुए सैनिक सुखचैन सिंह सिरसा के पैतृक गांव में पंचतत्व में विलीन

शहीद के परिवार के लिए ग्रामीणों ने एक करोड़ मुआवजा व नौकरी मांगी

सेना और पुलिस की ओर से राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जम्मू कश्मीर में वीरगति को प्राप्त हुए सैनिक सुखचैन सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। सिरसा जिले के गांव

कुत्ताबढ़ निवासी सुखचैन सिंह का पार्थिव शरीर शनिवार को पैतृक गांव लाया गया। इस दौरान गांव व आसपास के सैकड़ों नागरिकों व गणमान्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। प्रशासन की ओर से रानियां तहसीलदार शुभम शर्मा ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सेना और पुलिस की ओर से राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। वहीं, ग्रामीणों ने करीब 15 मिनट तक अंतिम यात्रा को रोककर प्रशासन से सुखचैन सिंह के परिवार को एक करोड़ मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की।

सैनिक सुखचैन सिंह का पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने से पहले रास्ते में भंभूर, मंगाला, मल्लेकां, माधोसिंघाना सहित अनेक स्थानों पर नागरिक, वीर सपूत को श्रद्धांजलि देने के लिए सड़क किनारे खड़े मिले और 'शहीद सुखचैन सिंह अमर रहे' के नारे लगाए। गांव कुत्ताबढ़ पहुंचने पर सैनिक सुखचैन सिंह के पार्थिव शरीर को पहले घर ले जाया गया, जहां पर परिजनों व ग्रामीणों ने अंतिम दर्शन किए। सेना की ओर से कर्नल ओपी सुमेरा, कर्नल इंद्रसिंह, सूबेदार नरेंद्र सिंह और सूबेदार मनजिंद्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की ओर से लालचंद ने श्रद्धांजलि दी। वहीं ऐलनाबाद विधायक भरत सिंह बैनीवाल, संत ब्रह्मदास, संत हरिनामदास, भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा, जिला अध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, सरपंच बेअंत सिंह संधू, अमीरचंद मेहता, ललित मोहन पोपली ने भी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एएसपी आदर्शदीप सिंह और डीएसपी सुभाष चंद्र उपस्थित रहे।

सिरसा। शहीद सैनिक सुखचैन सिंह को पुष्पचक्र अर्पित करते तहसीलदार।

सिरसा। शहीद सैनिक सुखचैन सिंह को सलामी देते जवान।

1 अक्टूबर को है बेटे का जन्मदिन

सैनिक सुखचैन सिंह साल 2015 में सेना में भर्ती हुए थे। करीब 11 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने देश की रक्षा को कर्तव्य माना और इसी कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपना बलिदान दिया। परिजनों के अनुसार सैनिक सुखचैन सिंह को 10 दिन की छुट्टी पर घर आना था। उनके पुत्र आकाशदीप का जन्मदिन एक अक्टूबर को है और इसी सिलसिले में परिवार उनके घर लौटने की प्रतीक्षा कर रहा था। सैनिक सुखचैन सिंह के परिवार में पत्नी निर्मल कौर, माता अमरकौर और भाई सर्वजीत सिंह तथा पुत्र आकाशदीप है।

हर्ष एनकाउंटर केस में रोड़ समाज ने की पंचायत

एनकाउंटर की जांच सीबीआई से करवाने को 7 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

रोड़ समाज की शुक्रवार को हुई बैठक में समाज की विभिन्न मांगों और उनसे जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रधान बलकार सिंह ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने समाज की कई मांगों को पूरा किया है, जिसके लिए रोड़ समाज सरकार का धन्यवाद करता है। वहीं एनकाउंटर मामले की जांच और एफआईआर में नामजदगी सहित अन्य मांगों को लेकर भी समाज की ओर से आगे की रणनीति पर चर्चा की गई।

पत्रकारों से बातचीत में बलकार सिंह ने बताया कि समाज की पहली मांग विधायक जगमोहन आनंद द्वारा माफी मांगने की रखी गई थी, जिसे सरकार ने पूरा कर दिया है। अधिकारी के तबादले की मांग भी पूरी हो चुकी है। इसके लिए समाज सरकार का आभार जताता है। बैठक में समाज की तीसरी प्रमुख मांग एनकाउंटर मामले की जांच को लेकर रही। बलकार सिंह ने बताया कि सरकार को इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। समाज चाहता है कि मामले की जांच पूरी पारदर्शिता के साथ हो और यदि किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो उसकी जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने हर्ष एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई या पदासीन न्यायाधीश से जांच करवाने की मांग की।

वहीं, अपने खिलाफ सोशल मीडिया पर की जा रही पोस्ट को लेकर बलकार सिंह ने कहा कि उन्हें ऐसी पोस्ट से कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि संभव है कुछ लोगों को उनकी शक्ल, काम या फैसले पसंद नहीं आते हों और इसी कारण व्यक्तिगत परेशानी के चलते पोस्ट की जा रही हों। उनके अनुसार समाज के 99.9 प्रतिशत लोग संतुष्ट हैं।

उन्होंने कहा कि गलत पोस्ट और बयानबाजी से किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज का नुकसान होता है। इसलिए सभी से संयम बरतने और तथ्यों के आधार पर ही कोई बात रखने की अपील की गई।

करनाल। पंचायत में लिए गए फैसलों के बारे में बताते पदाधिकारी।

एफआईआर पर भी दिखाई नाराजगी

रोड़ समाज की ओर से दर्ज एफआईआर को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। बलकार सिंह ने कहा कि सरकार को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज किसी के खिलाफ गलत कार्रवाई नहीं चाहता, लेकिन यदि कोई व्यक्ति दोषी है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

दो लोगों का हुआ था एनकाउंटर

5 अगस्त 2026 को करनाल में बीरू वाल्मीकि नाम के युवक की हत्या हुई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी हर्ष और बीरबल को 7 अगस्त की रात को गोगरीपुर नहर के पास एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। इसके विरोध में रोड़ समुदाय और परिजनों ने इस एनकाउंटर को फर्जी बताया और राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई करार दिया।

खेलते हुए फंदा लगने से 12 साल के बच्चे की मौत

नारनौल। गांव बेवल में खेल-खेल में एक 12 वर्षीय बच्चे की फंदा लगने से मौत हो गई। बच्चे के माता-पिता मजदूरी करने गए हुए थे, जबकि दोनों बेटे घर पर अकेले थे। उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के गांव सुरेनी पापड़ी निवासी अमरपाल ने बताया कि वह पिछले करीब दो वर्षों से परिवार सहित गांव बेवल में किराए के मकान में रहता है। उसके परिवार में पत्नी मोहरकली तथा दो बेटे शुभम (12) और गौतम (8) थे।

अमरपाल ने बताया कि घटना के समय वह और उसकी पत्नी मजदूरी पर गए हुए थे। इसी दौरान उन्हें गांव के एक व्यक्ति का फोन आया, जिसमें छोटे बेटे गौतम ने बताया कि उसका बड़ा भाई शुभम बरामदे में लगी खूंटी से लटका हुआ है। सूचना मिलते ही दोनों घर पहुंचे तो देखा कि शुभम को खूंटी से उतारकर चारपाई पर लिटाया गया था, लेकिन तब तक उसकी सांसें बंद हो चुकी थीं। छोटे बेटे गौतम ने बताया कि वह पानी लेने बाहर गया था। लौटकर आया तो घर का दरवाजा बंद मिला। वह छत वाले दरवाजे से अंदर पहुंचा, जहां बड़े भाई को चुन्नी के फंदे से खूंटी पर लटका देखा। परिजनों के अनुसार, शुभम खूंटी पर टंगी चुन्नी गले में डालकर खेल रहा था। इसी दौरान फंदा कसने से दम घुट गया और उसकी मौत हो गई।

सफीदों के ब्रह्मानंद आश्रम का मामला

फर्जी दस्तावेज तैयार करवा आश्रम पर कब्जा, 4 पर केस

- आरोप-जिस दिन महंत करनाल के अस्पताल में भर्ती थे, उसी दिन हरिद्वार में वसीयत पर उनके हस्ताक्षर दिखाए

शहर थाना सफीदों के जांच अधिकारी मनजीत ने बताया कि फर्जीवाड़ा कर आश्रम पर कब्जे की शिकायत मिली थी। फिलहाल चार लोगों को नामजद किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सफीदों के ब्रह्मानंद आश्रम के फर्जी दस्तावेज तैयार करवा वसीयत बनवा कर कब्जा करने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव मोरखी निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सफीदों में गुरु ब्रह्मानंद का आश्रम है। स्व. रामस्वरूप ब्रह्मचारी को वह अपना गुरु मानते हैं। सितंबर 2025 में गुरु रामस्वरूप ब्रह्मचारी की मौत हो गई थी। गत एक मई को वह आश्रम में गया था, जहां पर गांव बडनपुर निवासी रविंद्र मिला। जिसने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और आश्रम में आने से रोका। रविंद्र ने उसे रजिस्टर दिखाया और दावा किया कि अब आश्रम उनका है। जब उसने अपने स्तर पर जांच की तो सामने आया कि संतोष, गांव चुहड़माजरा निवासी सतपाल, करनाल निवासी रणधीर व रविंद्र ने कुछ लोगों के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा कर स्व. रामस्वरूप ब्रह्मचारी के फर्जी हस्ताक्षर कर आश्रम की वसीयत अपने नाम करवा ली।

दस्तावेजों को हरिद्वार न्यायलय में तैयार करवाया गया है। वसीयत में रामस्वरूप ब्रह्मचारी के 28 अगस्त 2025 को हस्ताक्षर दिखाए गए हैं जबकि उस दिन रामस्वरूप ब्रह्मचारी करनाल के अस्पताल में भर्ती थे। आरोपितों ने पूरी रणनीति बना कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया और फर्जी दस्तावेजों से आश्रम पर कब्जा कर लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने कृष्ण की शिकायत पर आरोपित संतोष, सतपाल, रणधीर व रविंद्र को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

जेल में सुसाइड की कोशिश पर लाए अस्पताल, चकमा देकर बंदी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

एलएनजेपी अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब अस्पताल के कैदी वार्ड में एक उपचाराधीन बंदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अस्पताल से भागते हुए उसकी फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गई। आरोपी बंदी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम सुबह से ही प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक उसको पकड़ने में सफल नहीं हुई। अस्पताल से फरार हुए बंदी की पहचान 27 वर्षीय सतेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो बाबैन के पिंजु खेड़ा गांव का निवासी है। सतेंद्र के खिलाफ कुरुक्षेत्र के सदर थाने में 370 नंबर एफआईआर दर्ज हुई थी। इसने एक महिला के कान से बाली छीनी थी, जिसके चलते पुलिस ने इसको गिरफ्तार किया था, लेकिन कुरुक्षेत्र जेल में बंद 4 सितंबर को 1 बजकर 26 मिनट पर सुबह उसने जेल में सुसाइड करने की कोशिश की थी, जिसके बाद इसको इलाज के लिए कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में लाया गया था। शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे बंदी पुलिस की निगरानी में शौचालय गया। जब वो शौचालय में गया तो किसी तरह निगरानी में तैनात पुलिसकर्मी को चकमा देकर फरार हो गया, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। उधर, पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार का कहना है कि अभी पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है। सीआईए के साथ जिले के अन्य थाने की टीमें भी काम कर रही है। सतेंद्र कुमार पर जिला करनाल व कुरुक्षेत्र में चोरी, छीनाझपटी, लड़ाई-झगडे व मारपीट सहित 11 केस दर्ज हैं।

बाली छीनने के आरोप में बंद था आरोपी, पहले भी 11 केस हैं दर्ज

आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दो घायल

झज्जर (हरिभूमि न्यूज)। क्षेत्र के गांव सुंदरहेटी में वांछित आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर कुछ लोगों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट कर उनकी वर्दी फाड़ दी और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए मोबाइल फोन, ईयरबड्स व नकदी आदि छीन ली। हमले में इंस्पेक्टर बलराज और सरकारी वाहन चालक धर्मेंद्र घायल हुए हैं। पुलिस को दी शिकायत में इंस्पेक्टर बलराज ने बताया कि जब उनकी पुलिस टीम सरकारी गाड़ी से गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक मामले का वांछित आरोपी संदीप अपने दोस्तों के सुंदरहेटी गांव के पवन उर्फ पौना की बैठक में बैठा है। गुप्त सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम बताए गए व्यक्ति के घर पहुंची और वहां मौजूद वांछित आरोपी युवक को काबू करना चाहा तो इस घर में मौजूद एक महिला ने अन्य लोगों को बुलाकर पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट करते हुए उसकी गर्दन दबाने का प्रयास किया तथा वर्दी भी फाड़ डाली। इस घटना के दौरान दो मोबाइल फोन, ईयरबड्स और करीब 8 हजार 3 सौ रुपये की नकदी छीनने व पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उधर, ग्रामीणों ने भी आरोप लगाया है कि पुलिस टीम द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया है। महिलाओं के साथ मारपीट की है, जिस विषय को लेकर शिकायत भी दी गई है। बहरहाल पुलिस ने मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जांच जारी है।

कालका के युवक की सोलन में भरे बाजार चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

कालका निवासी युवक की हिमाचल के सोलन में भरे बाजार में चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। दो युवकों से उसका विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने चाकू निकालकर वार करने शुरू कर दिए। इस दौरान एक आरोपी की अंगुली भी कट गई। इसके बाद दोनों हमलावर वहां से फरार हो गए। खून से लथपथ युवक को उठाकर लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। फिलहाल, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्ता कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

मृतक की पहचान पंचकूला जिले के कालका निवासी 24 वर्षीय अमन के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में मंथन और अंकुश नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 8:30 बजे चौक बाजार में कुछ युवकों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। मंथन ने अमन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसी झगड़े में मंथन की उंगली भी कट गई और बीच-बचाव करने आए अंकुश को भी चोट लगी। बताया जा रहा है कि अमन टैक्सी चलाता था। घटना से एक दिन पहले भी दोनों युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था।

सोलन एसपी टी साई वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों आरोपी मंथन और अंकुश को गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती इलाज के बाद उन्हें सदर थाना ले जाया गया, जहां से उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। तीनों के बीच बाजार में किस बात को लेकर झगड़ा हुआ है, यह वजह अभी साफ नहीं है।

मानसून | **मानसून ट्रफ रेखा रोहतक होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली**

बरसात की वजह से सड़कों पर जाम के हालात

गुरुग्राम, पंचकूला व रेवाड़ी समेत कई जिलों में बारिश, दो दिन और छाए रहेंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मानसून की एक बार फिर सक्रियता के बीच शनिवार को सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, अंबाला, रोहतक, झज्जर और रेवाड़ी में रुक-रुककर बारिश हुई। गुरुग्राम और रेवाड़ी में कई जगह जलभराव हो गया। गुरुग्राम में हुई बरसात की वजह से कई सड़कों पर फिर जाम जैसे हालात बन गए, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, रोहतक में भी दिन में कहीं कहीं बूंदाबांदी हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ ने शनिवार को प्रदेश के 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया था। इनमें पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत, सोनीपत, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह और पलवल शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ रेखा श्रीगंगानगर, रोहतक और फतेहगढ़ से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। इसके प्रभाव से 7 सितंबर तक प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 8 सितंबर से मानसून की सक्रियता कम होगी। इस वजह से किसानों को दो दिन एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

गुरुग्राम। बरसात के बीच जलभराव से गुजरते वाहन चालक।

बारिश के बीच सिंचाई से बचें किसान

हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि प्रदेश में अभी बादलवाही के साथ उत्तरी और दक्षिणी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट, जबकि रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने की संभावना है। 8 सितंबर से प्रदेश में मानसून की सक्रियता फिर कम होने के आसार हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि इस दौरान फसलों में सिंचाई और कीटनाशकों का छिड़काव न करें। साथ ही, खेतों में जलभराव से बचने के लिए जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सामान्य से कम हुई है बरसात

एक जून के आसपास प्रदेश में मानसून की एंट्री हुई थी। तीन महीने बीत चुके हैं। अगस्त में हरियाणा में सामान्य 146.1 मिमी के मुकाबले 135.4 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य से करीब 7% कम है। वहीं, 24 घंटे की बात करें तो गुरुग्राम में 51.4 मिमी, पंचकूला में 50.5, रोहतक में 32.2, रेवाड़ी में 22.5 और अंबाला में 15.4 मिमी बरसात दर्ज हुई है। फरीदाबाद में पांच एमएम, मेवात में सात और करनाल में हल्की बूंदाबांदी हुई।

जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ने पर विवाद, हवाई फायरिंग से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार की रात बोड़यिा कमालपुर में दही की मटकी फोड़ने को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों ने फायरिंग कर दी। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। मंदिर में चल रहे जागरण के दौरान श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद फायरिंग करने वाले आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

गांव के शिव मंदिर में रात को जन्माष्टमी पर जागरण चल रहा था। श्रीकृष्ण के जन्म अवसर पर दही की मटकी फोड़ने के लिए काफी ऊंचाई पर लटकाई हुई थी। गांव के कुछ युवक मटकी फोड़ने की तैयारी में थे। उसी दौरान अचानक लाइट बंद हो गई। कुछ युवकों ने इसी दौरान मटकी फोड़ने वाले युवकों को रोकते हुए फायरिंग शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार एक के बाद एक चार राउंड फायरिंग की गई, जिससे पास में चल रहे जागरण में मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। गनीमत यह रही कि फायरिंग हवा में की गई थी, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ। मंदिर कमेटी के प्रधान अभय सिंह के मुताबिक मटकी फोड़ने के लिए गोलियां चलाई गई थीं, जिसकी सूचना थाना सदर पुलिस को दी। इस वारदात में पड़ोसी गांव के कुछ युवक भी शामिल बताए जा रहे हैं।

विवाद के बाद खड़ी पुलिस की गाड़ी।

खबर संक्षेप

स्वतंत्र भारद्वाज को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। बड़बोले स्वतंत्र भारद्वाज को शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत के न्यायाधीश ने एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अदालत के सूत्रों के अनुसार, भारद्वाज को अपराह्न लगभग दो बजे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ प्रताप सिंह लालेर के आवास पर पेश किया गया। उसकी कानूनी सहायता के लिए नियुक्त वकील वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से न्यायाधीश के समक्ष पेश हुए। भारद्वाज को पहले पटियाला हाउस अदालत में पेश किये जाने की उम्मीद थी।

चार राज्यों में जनसंख्या की गणना एक दिसंबर से चार जनवरी तक की जाएगी

नई दिल्ली। भारत के महापंजीयक ने शनिवार को कहा कि जनगणना 2027 के लिए गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में जनसंख्या की गणना एक दिसंबर, 2026 से चार जनवरी, 2027 तक की जायेगी। अगले साल की शुरुआत में जिन राज्यों में चुनाव होने की संभावना है, वहां जनगणना की यह प्रक्रिया पहले शुरू की जा रही है। भारत के महापंजीयक (आरजीआई) एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राजपत्र अधिसूचना में कहा कि इन क्षेत्रों के नागरिक 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना का विकल्प अपना सकते हैं।

चढ़ावा चोरी: आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत 18 तक

अयोध्या। अयोध्या की एक अदालत ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत शनिवार को 18 सितंबर तक बढ़ा दी। आरोपियों के वकील ने यह जानकारी दी। मंदिर में चढ़ावे की गिनती की प्रक्रिया से जुड़े इन आठ आरोपियों को राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद 25 जून को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। वे फिलहाल जेल में बंद हैं।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

अनोखे नवोन्मेष के लिए 82 शिक्षकों को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया

आउटडोर साइंस और नॉलेज पार्क तैयार करना रीडिंग कैंपेन और 'ट्री टॉक' पर मिला सम्मान

कई राज्यों के शिक्षकों ने शिक्षा के प्रति खुद को किया समर्पित

48 शिक्षक स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के, 21 शिक्षक या फैकल्टी सदस्य और 13 कौशल प्रशिक्षक शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सचल वैज्ञानिक प्रयोगशाला बनाने, पुनर्चक्रण की गई वस्तुओं से संवादात्मक आउटडोर साइंस और नॉलेज पार्क तैयार करना, रीडिंग कैंपेन और 'ट्री टॉक' (क्यूआर कोड-आधारित वनस्पति अध्ययन प्रणाली) जैसे नवोन्मेष के लिए 82 शिक्षकों को इस वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को तीन विभागों से चुने गए 82 शिक्षकों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया। इनमें स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के 48 शिक्षक, उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षक या फैकल्टी सदस्य, और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के 13 कौशल प्रशिक्षक शामिल हैं।

वनस्पति अध्ययन प्रणाली

राजस्थान के झालावाड़ स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के दिव्येंदु सेन को आभासी जीव विज्ञान प्रयोगशाला, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जीवविज्ञान शिक्षा और 'ट्री टॉक' क्यूआर आधारित वनस्पति अध्ययन प्रणाली जैसे कम लागत वाले और बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकने वाले समाधान विकसित करने के लिए सम्मानित किया गया है। इन पहलों को छात्रों तक उच्च-स्तरीय 'स्टेम' शिक्षा पहुंचाने की उनकी क्षमता के लिए सराहा गया है।

छग की सुनीता ने ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाया

छत्तीसगढ़ के खिचड़ी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय की सुनीता यादव को ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और समग्र शैक्षिक विकास की पहलों का नेतृत्व करने के लिए इस सम्मान से सम्मानित किया गया है। प्रशस्ति पत्र में कहा गया, उनकी शानदार सामुदायिक पहल 'न्योता भोजन' और घर-घर पुस्तक वाचन से उनके स्कूल में 100 प्रतिशत मूलभूत साक्षरता है।

महाराष्ट्र के बछाव ने समान शैक्षणिक अवसर बनी उपलब्ध

महाराष्ट्र के नासिक की कुंडा जयवंत बछाव को हर विद्यार्थी तक नवोन्मेषी और समान शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। प्रशस्ति पत्र में कहा गया, अपनी शैक्षणिक मार्गदर्शन पहल के जरिए, उन्होंने 150 से अधिक जरूरतमंद लड़कियों को आर्थिक और शैक्षणिक मदद दी है, जिससे कम उम्र में शादी को रोका जा सका है।

चंडीगढ़ के जायसवाल ने नए तरीकों का इस्तेमाल किया

चंडीगढ़ के राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय के रवि जायसवाल को उनके नए तरह के शिक्षण के तरीकों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने कम लागत वाले तरीकों को ईजाद किया।

गाजियाबाद की रेनू ने 60 गांवों के बच्चों को दोबारा दाखिला कराया

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की रेनू त्रिपाठी को 60 गांवों के स्कूल छोड़ने वाले और स्कूल न जाने वाले बच्चों को वापस कक्षा में लाने की गई कोशिशों के लिए सम्मानित किया गया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री जोशी ने कहा

'विकसित भारत' की नींव, भविष्य सुनिश्चत कर रहे ये शिक्षक

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उन शिक्षकों की भूमिका की सराहना की, जो 'विकसित भारत' की नींव मजबूत कर रहे हैं और हर दिन केवल ज्ञान देने से कहीं आगे बढ़कर काम कर रहे हैं। जोशी ने 'एक्स' पर कहा कि शिक्षक ज्ञान देने से कहीं अधिक काम करते हैं। वे भविष्य को आकार देते हैं। उन शिक्षकों के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता, जो अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने और विकसित भारत की नींव मजबूत करने के लिए ज्ञान देने से आगे बढ़कर काम करते हैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस होता है।

पेपर लीक पर भाजपा का कांग्रेस पर हमला

झारखंड में पेपर लूट की गई कांग्रेस ने चुप्पी साधी क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली में झारखंड की सहायक वन संरक्षक और वन क्षेत्र पदाधिकारी परीक्षाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र रखे गए स्ट्रॉन्ग रूम में सेंध लगाई गई। प्रश्नपत्र बाहर निकाले गए और उनमें बदलाव किए गए। त्रिवेदी ने इसे 'पेपर लूट' करार दिया। त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में परीक्षाओं के मुद्दे को जोर-शोर से उठाने वाले राजनीतिक दल झारखंड की घटना पर चुप हैं। विपक्षी दल इस मामले में 'गांधी के तीन बंदरों' की तरह व्यवहार कर रहे हैं। इससे अभ्यर्थियों और देशभर के युवाओं में इस मुद्दे पर विपक्ष की चुप्पी को लेकर नाराजगी है। त्रिवेदी ने इसे 'बहुत नाइंसाफी' बताया और कहा कि राहुल गांधी तथा खरगे इस मुद्दे पर चुप हैं। उन्होंने खरगे पर कहा कि वे राहुल के पिता से भी उम्र में बड़े हैं और उन्हें राहुल का मार्गदर्शन करना चाहिए।

राहुल 'मुल्लाओं और मौलवियों' के संरक्षक

उन्होंने कहा कि राहुल के आने पर उनका परिचय 'मुल्लाओं और मौलवियों के संरक्षक, सनातन धर्म के विनाशक और घुसपैठियों के रक्षक' के रूप में कराया जाना चाहिए। राहुल 'पितृसत्ता खत्म करो' का नारा देते हैं, जबकि कांग्रेस में महिला मंत्रियों को हटाया जा रहा है। कांग्रेस में महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिए जाने पर कहा कि कांग्रेस 4 राज्यों में सत्ता में है, लेकिन उसके पास केवल 3 महिला मंत्री हैं।

मोदी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पंगु बनाया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में शिक्षा व्यवस्था को पंगु बना दिया है और इसे व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है। भारत के युवाओं की एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को लापरवाही से नष्ट और कुर्बान कर दिया गया है। भाजपा की सरकार में रोजाना 25 सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं। कुल स्कूलों में सरकारी स्कूलों की भागीदारी 71 से गिरकर 49 प्रतिशत हो गई है।

बस में भीषण आग, 25 यात्रियों ने खिड़की से कूदकर बचाई जान

बस ग्वालियर से भोपाल आ रही थी

ग्वालियर। ग्वालियर में शनिवार रात भोपाल जा रही ट्रैवल्स की वीडियोकोच बस में भीषण आग लग गई। चेतकपुरी स्थित विवेकानंद तिराहे पर रात करीब 9:30 बजे बस के पिछले हिस्से से अचानक लपटें उठीं। बस में करीब 25 यात्री सवार थे। आग फैलते ही यात्रियों ने खिड़कियों के कांच फोड़े और दरवाजे से कूदकर जान बचाई। हादसे में बुजुर्ग हार्ट पेशेंट धुएं के कारण बेहोश हो गए। उन्हें मौके पर सीपीआर देकर उसकी जान बचाई। बुजुर्ग को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है। बस रात करीब 9 बजे ग्वालियर रोडवेज बस स्टैंड से भोपाल के लिए रवाना हुई थी।

सूचना

मैं, पिंकी पत्नी नरेश निवासी अजमेर बस्ती भिवानी रोड जींद, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र मोहित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

नागपुर : पोस्टमार्टम में गर्दन की हड्डी में फ्रैक्चर

खाना बनाने से मना करने पर पति ने पीटा, इलाज के दौरान मौत

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में एक पति ने खाना बनाने से इनकार करने पर पत्नी की पिटाई कर दी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना गुरुवार रात जिंगाबाई टाकली स्थित घर में हुई। आरोपी की पहचान कृष्णकांत यादव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, कृष्णकांत रात 9:45 बजे घर लौटा था। उसने पत्नी यामिनी से अपने और बच्चों के लिए खाना बनाने को कहा। यामिनी गणेशोत्सव समारोह से पहले डांस प्रैक्टिस के लिए निकलने की तैयारी कर रही थी। उसने खाना बनाने से मना कर दिया। जिसके बाद दोनों में तीखी बहस हो गई। पुलिस ने पति को हत्या के आरोप में अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार, बहस के दौरान कृष्णकांत ने यामिनी का गला पकड़ लिया। उसने यामिनी को कई बार मुक्का मारा और बिस्तर पर फेंक दिया।यामिनी ने बेचैनी की शिकायत की तो कृष्णकांत दवाइयां लेने के लिए बाहर गया। हालत बिगड़ने पर कृष्णकांत यामिनी को अस्पताल ले गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गर्दन की हड्डी में फ्रैक्चर और आंतों को गंभीर नुकसान सामने आया। रिपोर्ट में गला दबाने और पेट में गंभीर चोट के संकेत भी मिले।

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित फेस्टिवल में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

हरियाणा में रह रहे पूर्वोत्तर के युवाओं को प्रदेश सरकार दे रही पूर्ण सहयोग: सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री शनिवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल के नौवें संस्करण के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत जैसे शहरों में पूर्वोत्तर के भारी संख्या में युवा रोजगार कर रहे हैं और हरियाणा सरकार उन्हें पूर्ण रूप से सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत में अनेक रंग है, अनेक भाषाएं, अनेक परंपराएं हैं लेकिन सभी की भावनाएं एक हैं। यही भारत की विविधता की खूबसूरती है। उन्होंने इस आयोजन को लेकर मॉय होम इंडिया की टीम की भी सराहना की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सभी देश व प्रदेशवासियों को शिक्षक दिवस की बधाई भी दी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री किरण रिजिजू, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा तथा फेस्टिवल के आयोजक श्री सुनील देवधर भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री श्री किरण रिजिजू ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरों में रह रहे नॉर्थ ईस्ट के लोगों की बखूबी सुरक्षा और सहयोग कर रही है। उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं आ रही। इसको लेकर उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद भी किया।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांव सिरसाढ़ (सोनीपत)

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिरसाढ़-17959 खंड मुंडलाना जिला सोनीपत में चार कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 11.9.2026 को विद्यालय प्रांगण में प्रातः 10 बजे होगी। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-मुख्याध्यापिका सुरेश कुमारी मो. नं. 9991335710

मुख्य शिक्षक जगदीश राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांव सिरसाढ़ (सोनीपत) मो. नं. 7015437060

राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव ईशापुर खेड़ी (सोनीपत)

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय ईशापुर खेड़ी (3602) खंड मुंडलाना जिला सोनीपत में तीन कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 11.9.2026 को विद्यालय प्रांगण में प्रातः 11 बजे होगी। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-मुख्याध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालय ईशापुर खेड़ी (सोनीपत) मो. नं. 82953-40800

राशिफल

मेष — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

'नॉर्थईस्ट स्टूडेंट्स फेस्ट' में बोले सिंधिया

युवा 'विकसित भारत 2047' की नींव रखेंगे, विविधता का जश्न सराहनीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 9वें 'नॉर्थईस्ट स्टूडेंट्स फेस्ट' में शामिल हुए और पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों और युवाओं से बातचीत की। सिंधिया ने नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने दर्शकों से बाढ़ पीड़ितों की याद में 2मिनट का मौन रखने का आग्रह किया और जान गंवाने वालों के लिए प्रार्थना की। सिंधिया ने कहा कि फेस्ट इस क्षेत्र की जीवंत संस्कृति, रचनात्मकता और युवाओं का उत्सव है। उन्होंने 21 वर्षों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में 'माई होम इंडिया' की भूमिका को रेखांकित किया। यह याद करते हुए कि कैसे यह पहल पूर्वोत्तर के छात्रों के लिए 'घर से दूर एक घर' के रूप में शुरू हुई थी।

मां ने बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दी

कर्ज का ब्याज नहीं दिया तो महिला के कपड़े 'उतरवाए'

वीडियो बनाया, चारों आरोपी अरेस्ट

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु में एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां कर्ज का ब्याज ना चुका पाने पर एक महिला को निर्वस्त्र करके प्रताड़ित किया गया। आरोपियों ने महिला के कपड़े उतरवाकर वीडियो बना लिया और इसे इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के नाम रेशमा, नजरत, सुहैल और सैफ बताए गए हैं। पीड़िता ने दो साल पहले रेशमा से 1 लाख उधार लिए थे। इसके लिए हर महीने उसे 5 हजार रुपए ब्याज के देने थे। इसके अलावा रेशमा ने अपनी एक साथी नजरत से भी 50 हजार रुपए पीड़िता को दिलाए थे। पिछले चार सप्ताह से पीड़िता ब्याज के पैसे नहीं दे पा रही थी। उसने रेशमा से घरेलू समस्याएं बताई थीं और कहा था कि अगले महीने वह सारे पैसे का इंतजाम करेगी।

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान
खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर साइंस में
राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2026-2027

कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 21 और 22 नवंबर, 2026 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (आईएपीटी) द्वारा आयोजित तदनुसार राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं (एनएससईएस) (विज्ञान विषयों के लिए) में अवश्य उपस्थित होना चाहिए।

एनएसई में योग्यता 2027 के तदनुसार अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड्स में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

नामांकन के लिए :
एनएसईएस : https://www.iapt.org.in (21 अगस्त-14 सितंबर, 2026)
अधिक विवरण के लिए : https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

CBC 48143/11/0006/2627

शब्द पहेली - 6339



बाएँ से दाएँ
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

ऊपर से नीचे
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली- 6338 का हल

	ब	ल	शा	ली		रु	ख	सा	र	
अ	न		ली		प	त	न		जा	न
न		ज	मा	दा	र		न	म		फा
म	ग	रु	र			आ		द	र	स
ना		र		अ	ज	ग	र		वा	त
	मि	त	वा		ही		स	प	ना	
म	ल		दा	वा	न	ल		रा		फि
त	न	य		ल			ह	ज	र	त
ल		म	त		का	र्या	ल	य		र
बी	ज		म	का	न		च		सा	त
	य	ल	गा	र		ब	ल	शा	ली	



शिक्षक दिवस पर प्रधानमंत्री का संदेश

छात्रों के अधिक 'स्क्रीन टाइम' पर सतर्क रहें शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षकों से छात्रों को नशे की बुराई के प्रति जागरूक करने और उनके 'स्क्रीन टाइम' को कम करने में मदद करने की अपील की है। मोदी ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत के दौरान कहा कि समाज के सभी लोगों को छात्रों को रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना चाहिए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षकों को छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन से आगे बढ़कर उनके व्यवहार और रोजमर्रा के जीवन पर भी ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त परिवारों की संख्या में कमी आने के कारण बच्चों के जीवन में शिक्षकों की भूमिका अब और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। मोदी ने नशे की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ बड़े शहरों और विश्वविद्यालयों में यह पता लगाना मुश्किल होता है कि कोई इसकी चपेट में आ गया है या नहीं, क्योंकि यह पता ही नहीं चलता कि कौन किसे क्या दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में शिक्षकों को जागरूकता फैलाने की पहल करनी चाहिए और यदि किसी बच्चे के व्यवहार में कोई बदलाव दिखाई दे तो उस पर भी बारीकी से नजर रखनी चाहिए।' आपको किसी छात्र के बचपन को खत्म नहीं होने देना चाहिए।

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से पीएम ने बातचीत की

मेट्रो में बैठे, पीएम ने बच्चों से बातचीत की

1926 में हुई थी स्थापना

एसआरसीसी के 100 साल पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह का हिस्सा बने

समारोहमें पीएम ने 100 रुपये का सिक्का जारी किया

श्री राम कॉलेज पहुंचे बोले-यहां के पुराने छात्रों ने दुनिया में धूम मचाई

नई दिल्ली। पीएम मोदी 13 साल बाद शनिवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स पहुंचे। वे मेट्रो का सफर करके कॉलेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मेट्रो में बैठे बच्चों और लोगों से भी बातचीत की। यहां कॉलेज की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर पीएम ने जेन-जी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपकी भाषा में कहूं, तो के पूर्व छात्र ओजी (ओरिजनल गैंग्स्टर-पुराने खिलाड़ी) हैं। जिन्होंने हर क्षेत्र में धूम मचाई है। वे धुरंधर भले न हों, पर दुनियाभर में धूम तो मचाई है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी माई-बाप कल्चर पसंद करने वालों के सामने चट्टान की तरह खड़ा है। मुझमें हिम्मत है, इसलिए अपना रिपोर्ट कार्ड आपके सामने लेकर आया हूं। मुझे पता है झूठ की गूंज नहीं चलेगी। पीएम ने अपनी स्पीच में 2013 में की गई श्रीराम कॉलेज की यात्रा का जिक्र भी किया। उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। मशहूर उद्योगपति और समाजसेवी सर श्री राम ने 1926 में कॉलेज की स्थापना की थी। समारोह की शुरुआत में पीएम ने 100 रुपये का सिक्का जारी किया।

देश की शिक्षा व्यवस्था खड़े कर रही गंभीर सवाल: राहुल गांधी

नई दिल्ली (भाषा)। राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि वर्तमान समय में देश की शिक्षा व्यवस्था कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है और अब ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जहां हर छात्र को समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और एक उज्ज्वल भविष्य मिले। शिक्षक दिवस के अवसर पर गांधी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर नमन किया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर सभी गुरुजनों को हार्दिक शुभकामनाएं। अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण से आप छात्रों का भविष्य संवारते हैं और देश की आने वाली पीढ़ियों को दिशा देते हैं, आपका योगदान अमूल्य है। भारत की शिक्षा व्यवस्था हमारे सामने कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है।' कांग्रेस नेता ने इस पर जोर दिया, "हमें मिलकर ऐसी व्यवस्था बनानी है, जहां हर छात्र को समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और एक उज्ज्वल भविष्य मिले।'

राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर नमन किया

कर्नाटक के शिक्षक अब नाम के पहले 'टीआर' लगा सकेंगे: शिवकुमार

बेंगलुरु (भाषा)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य के शिक्षक समाज में उनके योगदान के सम्मान के तौर पर अपने नाम से पहले 'टीआर' लगा सकते हैं। शिवकुमार ने शिक्षक दिवस के अवसर पर यह घोषणा की। यह चलन चिकित्सक के लिए 'डॉ.', इंजीनियर के लिए 'ईआर' और प्रोफेसर के लिए 'प्रो' जैसे पेशेवर संबोधनों की तरह होगा। शिवकुमार ने 'एक्स' पर कहा कि एक शिक्षक हर उस व्यक्ति को तैयार करता है, जो आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है। भारत के एक करोड़ से अधिक शिक्षक, जिनमें कर्नाटक के लगभग 4.5 लाख शिक्षक भी शामिल हैं, हर दिन हमारे बच्चों की सोच, चरित्र और भविष्य को आकार दे रहे हैं।" मुख्यमंत्री ने कहा कि हर डॉक्टर, इंजीनियर, किसान, अधिकारी, उद्यमी और नेता के पीछे एक शिक्षक होता है, जिसने सबसे पहले उनकी क्षमता को पहचाना और उन्हें यह दिखाया कि वे क्या हासिल कर सकते हैं।

कर्नाटक के सीएम ने किया ऐलान

खबर संक्षेप

कौशांबी में अवैध पटाखा मामले में दो गिरफ्तार

कौशांबी (उप्र)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में अवैध रूप से पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ जारी कार्रवाई के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यह कार्रवाई 31 अगस्त को पिपरी थाना क्षेत्र में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद शुरू की गई थी। इस हादसे में नौ बच्चों समेत 14 लोगों की मौत हो गई थी।

जेल में मुझे जहर दिया होगा: राउत का दावा

मुंबई। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने एक ऐसा दावा किया है, जिसने महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मचा दी है। राउत ने आशंका जताई है कि जेल में रहने के दौरान उन्हें जहर दिया गया हो सकता है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनकी बिगड़ती सेहत को लेकर चिंता जताई और उन्हें 'टॉक्सिकॉलजी टेस्ट' कराने की सलाह दी थी।

जारंगे की आरक्षण के लिए भूख हड़ताल तेज

जालना। मराठा आरक्षण के लिए मनोज जरांगे का आंदोलन शनिवार को आठवें दिन में प्रवेश कर गया। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार उन्हें दिए गए आश्वासनों को पूरा करने में विफल रही है

और इसके विरोध में उन्होंने पानी या चिकित्सा उपचार लेने से इनकार करते हुए आंदोलन को और तेज कर दिया। वे अभी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।

'सपा के पीडीए का मतलब पराया, धन, अपना'

लखनऊ। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े ने शनिवार को सपा के पीडीए फॉर्मूले का जिक्र कर कहा कि 'सपा के पीडीए का मतलब है पराया, धन, अपना। भाजपा का उत्तर प्रदेश प्रभारी बनने के बाद

पहली बार यहां पहुंचे तावड़े ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही। तावड़े ने चुनाव में भाजपा की तीसरी बार सरकार का दावा किया।

बेंगलुरु में कैदियों ने वार्डन पर किया हमला

बेंगलुरु। बेंगलुरु में परप्पन अग्रहारा केंद्रीय कारागार में वार्डन पर पांच विचाराधीन कैदियों द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने और उनका गला घोंटने के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ये विचाराधीन कैदी बजरंग दल के पूर्व कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या में जेल में बंद हैं। जाच की जा रही है।

मौसम की मार

देश के कई राज्यों में बारिश का कहर, हर तरफ हाहाकार मचा

राजस्थान, मप्र, यूपी व बिहार में बारिश, नदियां उफान पर

भारी बारिश के बीच गंगा ने पार किया 'उच्चतम बाढ़ स्तर'

देश के कई हिस्सों में मानसून एक बार फिर मुश्किलें बढ़ा रहा है। नदियों का जलस्तर बढ़ने, जलभराव और भूस्खलन के कारण जनजीवन प्रभावित है। सड़कों पर पानी ही पानी है। कई राज्यों में स्कूलों को भी बंद हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में शनिवार को मूसलाधार बारिश हुई, जिससे बड़े पैमाने पर जलजमाव हुआ, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार में भारी मानसूनी बारिश के कारण प्रमुख नदियां उफान पर हैं और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उत्तर प्रदेश में मानसून एक बार फिर पूरी तरह एक्टिव है।

यूपी के 22 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच गंगा-यमुना समेत 10 से अधिक नदियों के उफान पर होने से प्रदेश के 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। वहीं राजस्थान के 3 जिलों धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर में शनिवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, 24 जिलों में यलो अलर्ट है। वहीं बिहार में भी 16 जिलों में बाढ़ से करीब 5 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत 8 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। आपदा विभाग के मुताबिक, पटना में गंगा का जलस्तर अब तक के हाइएस्ट फ्लड लेवल को पार कर सकता है। मध्य प्रदेश में आज से 2 दिन ग्वालियर-चंबल में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा। शनिवार को प्रदेश के 19 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

प्रशासन और राहत-बचाव टीमें प्रभावित इलाकों में मदद के लिए जुटीं

» बिहार के18 जिलों में बाढ़, 6.65 लाख से अधिक प्रभावित, राहत बचाव कार्य जारी

» हिमाचल में अगले 48 घंटे भी मौसम राहत देने वाला नहीं

कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी, तापमान गिरा

श्रीनगर (भाषा)। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में शनिवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई जबकि मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। अधिकारियों के अनुसार, गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुमरी के पहाड़ी इलाकों में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। उन्होंने बताया कि श्रीनगर शहर और आसपास के जिलों के कुछ हिस्सों में सुबह व दोपहर के समय बारिश हुई, जिससे दिन के तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की भी खबरें मिली हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को कुछ समय के लिए हल्की बारिश होने की संभावना है लेकिन अगले कुछ दिनों में मौसम सामान्य रूप से शुष्क रहने की उम्मीद है।

पंजाब में 5 जिलों में बारिश का अलर्ट

पंजाब में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। जालंधर और पठानकोट में बारिश हुई। मौसम विभाग ने पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर, नवांशहर और मोहाली में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है।

पिथौरागढ़ में अलर्ट जारी

पिथौरागढ़ । उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने भूस्खलन के कारण नेपाल की चमेलिया नदी में पानी इकटठा होने की सूचना मिलने के बाद झूलाघाट क्षेत्र में काली नदी के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने तथा नदी के पास न जाने का निर्देश दिया है। पिथौरागढ़ के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि पिथौरागढ़ के गेथीगड़ा गांव में काली नदी से मिलने वाली चमेलिया में भूस्खलन से जलप्रवाह अवरूद्ध होने तथा भारी मात्रा में पानी जमा होने की सूचना मिलने के बाद यह अलर्ट जारी किया गया है।

पंजाब के अमृतसर की घटना

झगड़ा सुलझाने पहुंचे कांग्रेस नेता को गोली मारी, गंभीर

गुरदीप सिंह सिरसा

दो पक्षों के विवाद के दौरान हुई गोलीबारी

अमृतसर। अमृतसर में दो पक्षों के विवाद के दौरान कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह सिरसा को गोली मार दी गई। गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले सिविल अस्पताल अजनाला ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने अमृतसर रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना अजनाला से कुछ दूरी पर गांव जगदेव खुर्द के पास हुई। देर रात किसी बात को लेकर दो पक्षों में मामूली विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर गुरदीप सिंह सिरसा दोनों पक्षों में समझौता कराने पहुंचे। इसी दौरान दूसरे पक्ष की ओर से गोली चला दी गई, जो उन्हें लग गई।

नगर मजिस्ट्रेट ने अवैध माना था

सहारनपुर में मस्जिद पर सुबह पांच बजे चलाया गया बुलडोजर

» सांसद इकरा हसन को हाउस अरेस्ट किया

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के डीएम ऑफिस में शनिवार सुबह पांच बुलडोजर चल गया। कोर्ट के फैसले के बाद इस मस्जिद को अवैध ठहरा दिया गया था और अब इसे ढहा दिया गया है। सहारनपुर के सिटी मैजिस्ट्रेट ने ही इस मस्जिद को गिराने का आदेश दिया था। इसका विरोध करने के लिए अपने घर से निकलने की कोशिश कर रहीं समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन को हाउस अरेस्ट कर दिया और घर से निकलने नहीं दिया गया। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि देश के संविधान का उल्लंघन हुआ है।

यह है पूरा मामला

बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी की शिकायत के बाद यह मामला शुरू हुआ था। शिकायतों के बाद प्रशासन ने 24 मार्च 2025 को सिटी मैजिस्ट्रेट की कोर्ट में पीपी ऐक्ट के तहत याचिका दायर की थी। 16 जुलाई 2026 को मस्जिद को अवैध करार देते हुए 64.16 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसी फैसले को जिला कोर्ट में चुनौती दी गई तो उसे खारिज कर दिया गया। सिटी मैजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा गया।

नागपुर में बोले मंत्री गडकरी

विश्वसनीयता का संकट मीडिया क्षेत्र में आज सबसे बड़ी समस्या

एजेंसी ▶▶ नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लोकतंत्र की प्रगति के लिए स्वतंत्र न्यायपालिका एवं मीडिया के महत्व पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि सभी संस्थानों में विश्वसनीयता का संकट है, लेकिन मीडिया क्षेत्र में यह समस्या सबसे गंभीर है।

गडकरी ने नागपुर में भारतीय प्रबंध संस्थान के 'मीडिया कॉन्क्लेव 2026' में 'मीडिया, नेतृत्व और नई विश्व व्यवस्था पर कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उन्होंने लोकतंत्र में गुणवत्ता में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि संविधान ने लोकतंत्र के 4स्तंभों -विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया- की जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया है। लोकतंत्र की प्रगति और विकास के लिए निष्पक्ष,न्यायपूर्ण न्यायपालिका तथा मीडिया बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस पर ध्यान देना होगा।

मंडी में 'दिशा' समिति की बैठक में भड़कीं

कंगना रानौत ने अफसरों को फटकारा, एक्टिंग मत करो

एजेंसी ▶▶ मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना रणौत जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में अधिकारियों पर जमकर बरसीं। अधिकारियों पर तंज कसते हुए सांसद ने कहा कि उनसे अच्छी एक्टिंग तो बैठक में बैठे अधिकारी कर लेते हैं। सांसद निधि और केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी और स्वीकृत राशि खर्च नहीं होने पर उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा कि फालतू के जुमले और स्पष्टीकरण नहीं, धरातल पर काम चाहिए। कंगना ने कहा कि बैठकों में बार-बार वही बातें दोहराई जा रही हैं, लेकिन जमीन पर काम नजर नहीं आ रहा। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर उन्हें एक दिन के लिए प्रशासनिक काम संभालने का मौका मिले तो सभी लंबित फाइलों का निपटारा कर देंगी। केंद्र से करीब 11 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है, लेकिन इसका आधा हिस्सा भी खर्च नहीं हो पाया।

मुम्बई : दही हांडी उत्सव में उमड़े 'गोविंदा'

मुंबई । मुंबई और आसपास के शहरों में कई जगह दही हांडी का आयोजन किया गया और हजारों 'गोविंदा' ने मानव पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर लटकाई गई दही से भरी मटकियां फोड़ने की कोशिश की। मध्य मुंबई के लालबाग और दादर की संकरी गलियों से लेकर ठाणे के बड़े आयोजन स्थलों तक ढोल की थाप गूंजती रही।

पुणे में दही हांडी के दौरान महिला की मौत

पुणे के 'ओल्ड सांगवी' इलाके में दही-हंडी कार्यक्रम के लिए बनाया गया लोहे का एक अस्थायी ढांचा गिरने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। परिजनों ने केस दर्ज कराने से मना किया।

झीरम घाटी हमले में 13 साल बाद आया ऐतिहासिक फैसला

एनआईए कोर्ट ने सभी 10 आरोपियों को दोषी ठहराया

बस्तर में 2013 में हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की मने 2013 के झीरम घाटी माओवादी हमले के मामले में सभी 10 आरोपियों को शनिवार को दोषी ठहराया। इस हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं समेत 29 लोगों की मौत हुई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने बताया कि जगदलपुर में एनआईए के विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत ने दो महिलाओं समेत सभी 10 आरोपियों को दोषी करार दिया। उन्होंने बताया कि अदालत ने सजा की अवधि पर आदेश 16 सितंबर के लिए सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान 101 गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

हमले में कांग्रेस नेताओं समेत 29 की मौत हुई थी

एक हजार पन्नों की चार्जशीट की थी पेश

एनआईए ने जांच के बाद 2015 में अदालत के समक्ष लगभग एक हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी।

इसमें शुरुआत में 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था। एक आरोपी की मौत हो गई थी। शेष 10 आरोपी हिरासत में हैं। इसमें अभियोजन पक्ष की तरफ से 101 गवाहों के बयान दर्ज किए गए थे। इसमें महेंद्र कर्मा, नंद कुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, उदय मुदलियार और योगेंद्र शर्मा मारे गए थे। शिनवार को इस मामले का पटाक्षेप हो गया है।

कोर्ट ने इन्हें दोषी ठहराया

दोषी ठहराए गए आरोपियों में प्रमिला मोदियाम (40), चैतू लेकाम, सुमित्रा पुनेम मोदियाम, मुक्का मंडावी, कोसा कवासी, आयता मरकाम, मडकामी देवा, जोगा मडकामी, बंजामी सन्ना और महादेव नाग शामिल हैं।

ऊपरी अदालत में अपील करेंगे

चौधरी ने कहा कि हम इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करेंगे। हमें अभी तक फैसले की प्रति नहीं मिली है। इसके बाद ही अपील के आधार के बारे में बता पाएंगे। उन्होंने कहा कि बचाव पक्ष ने अपना पक्ष मजबूती से रखा और उम्मीद है कि आरोपियों को उच्च न्यायालय से न्याय मिलेगा। चौधरी ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार 11 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई शुरू हुई थी, जिनमें से एक की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। दोषी ठहराए गए कोसा कवासी के भाई गुड्डू कवासी ने दावा किया कि उनके भाई और मुक्का मंडावी को इस मामले में झूठा फंसाया गया है। जब हमला हुआ, तब कोसा कवासी परिवार में एक शादी समारोह की तैयारी में लगे थे, जबकि मंडावी भी गांव में शादी की तैयारियों में व्यस्त थे।

हमले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की लीडरशिप खत्म हो गई थी

25 मई, 2013 को बस्तर जिले में स्थित दरभा थाना इलाके की झीरम घाटी में नक्सली हमला हुआ था। इसमें दिग्गज कांग्रेसी नेताओं समेत 27 लोगों की जान गई थी। इसमें 10 पुलिसकर्मी भी शामिल थे। कांग्रेसी नेता विधानसभा चुनावों से पहले सुकमा से जगदलपुर परिवर्तन यात्रा कर लौट रहे थे। तभी नक्सलियों ने काफिले को निशाना बना लिया। हमले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की लगभग पूरी लीडरशिप खत्म हो गई थी।

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग)
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्र./2718/ न.पा.नि./ लो.नि.शाखा / 2026 बीरगांव,दिनांक 02/09/2026

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::
E-Procurement Tender Notice 2nd Call]

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनान्तर्गत बंजारी मंदिर चौक से बस स्टैण्ड होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रावांभाठा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य (निविदा राशि रू. 530.23) लाख के लिए System Tender No 198782 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 15.06.2026, Building S.O.R. in force from 10.06.2026, ELECTRICAL S.O.R 10.06.2026, and amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस.ओ.आर. में प्रतिशत दर पर (**System Tender** 198782, **Bid Start Date**- 03.09.2026, **Bid Due date**- 21.09.2026, **Physical Submission Last Date**- 24.09.2026, **Open Date**- 25.09.2026) तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट **www.nagarnigambirgaon.com** व संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** में भी उपलब्ध है। इसे **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड/प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला - रायपुर (छ.ग.)

"Say No To Plastic Bags, Save Earth" "Use e-mail Save Tree"

भारत सरकार ने अप्रैल से जून 2026 में देश की अर्थव्यवस्था में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि बताई है। सरकार ने आधार साल इसलिए बदला क्योंकि पहले का ढांचा पुराना पड़ गया था। नए तरीके से पिछले साल का आकार छोटा दिखा, इसलिए इस साल की बढ़ोतरी बड़ी दिखी। दो अलग तरीकों को मिलाना गलत है। सरकार का दावा है कि वह अंतरराष्ट्रीय नियम तोड़ने की बजाय उनके करीब गई है-खासकर डबल डिफ्लेशन से। आम आदमी के लिए सरल बात यह हैः 7.8 प्रतिशत नए मीटर से नापा गया आंकड़ा है। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि यह आंकड़ा बनावटी है। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के अनुसार अगर पिछले साल का हिसाब पुराने तरीके से रखा जाता तो बढ़ोतरी सिर्फ करीब 2.6 प्रतिशत दिखती। यह जीडीपी पर कथित विवाद सांख्यिकी के अधूरे ज्ञान और भ्रामक मापन पद्धतियों का उपयोग करके एक नैगेटिव नैरेटिव स्थापित करने का मामला है। दो अलग-अलग आधार वर्षों वाली सीरीज के आंकड़ों को मिलाकर 2.6% का आंकड़ा निकालना सांख्यिकीय दृष्टिकोण से पूरी तरह अमान्य है। दूसरी ओर, भारत ने वैश्विक उथल-पुथल के बीच अपनी अर्थव्यवस्था की रफ्तार थामी जरूर है, लेकिन अब जरूरत इस रफ्तार को लंबे समय तक टिकाऊ, रोजगारपरक और समावेशी बनाने की है। यही आर्थिक मजबूती की असली कसौटी होगी। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

आधार वर्ष बदला, तराजू नया तो तुलना पुरानी कैसे?

विश्लेषण
विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

भारत सरकार ने कहा कि अप्रैल से जून 2026 में देश की अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत बढ़ी। यह सुनकर कई लोग खुश हुए। कुछ लोगों ने कहा कि आंकड़ा बनावटी है। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग बोले कि अगर पिछले साल का हिसाब पुराने तरीके से रखा जाता तो बढ़ोतरी सिर्फ करीब 2.6 प्रतिशत दिखती। आम आदमी का सवाल साफ है कि सच क्या है? जीडीपी का मतलब है देश में एक तिमाही या एक साल में जितना सामान और सेवाएं बनती हैं, उसकी कुल कीमत। किसान का अनाज, कारखाने की चीजें, दुकान की बिक्री, बैंक, अस्पताल, स्कूल, सब जोड़कर जीडीपी बनती है। जीडीपी दो तरह की होती है। एक है मौजूदा दामों वाली जीडीपी। इसमें महंगाई शामिल रहती है। दूसरी है असली जीडीपी। इसमें महंगाई निकाल दी जाती है। सरकार का 7.8 प्रतिशत असली जीडीपी की बढ़ोतरी है। फरवरी 2026 में सरकार ने जीडीपी नापने का तरीका बदला। पहले तुलना का आधार साल 2011-12 था। अब आधार साल 2022-23 हो गया। सोचिए, पुराने तराजू की जगह नया तराजू आ गया। दोनों सही हो सकते हैं, लेकिन एक तराजू का वजन दूसरे तराजू से सीधा नहीं मिलाया जा सकता। पुराने तरीके से अप्रैल-जून 2025 की जीडीपी लगभग 86 लाख करोड़ रुपये बताई गई थी। नए तरीके से वही तिमाही लगभग 80 लाख करोड़ रह गई। इस साल अप्रैल-जून 2026 की जीडीपी नए तरीके से लगभग 88 लाख करोड़ बताई गई। अगर कोई 88 की तुलना पुराने 86 से करे तो बढ़ोतरी बहुत छोटी-करीब 2.6 प्रतिशत दिखती है।

सरकार कहती है कि तुलना नए तरीके के पिछले साल यानी करीब 80 से करो। तब नाममात्र बढ़ोतरी 10.3 प्रतिशत और महंगाई निकालकर 7.8 प्रतिशत बनती है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस के पूर्व संपादक राकेश सूद कहते हैं कि दस-बारह साल में देश बहुत बदल जाता है। पहले जो चीजें ज्यादा बनती थीं, अब उनकी जगह मोबाइल ऐप, डिजिटल पेमेंट और नई सेवाएं आ गईं। पुराने साल को आधार रखने से तस्वीर पुरानी रह जाती है।

जीडीपी का मतलब है देश में एक तिमाही या एक साल में जितना सामान और सेवाएं बनती हैं, उसकी कुल कीमत। किसान का अनाज, कारखाने की चीजें, दुकान की बिक्री, बैंक, अस्पताल, स्कूल, सब जोड़कर जीडीपी बनती है। जीडीपी दो तरह की होती है। एक है मौजूदा दामों वाली जीडीपी। इसमें महंगाई शामिल रहती है। दूसरी है असली जीडीपी। इसमें महंगाई निकाल दी जाती है। सरकार का 7.8 प्रतिशत असली जीडीपी की बढ़ोतरी है। फरवरी 2026 में सरकार ने जीडीपी नापने का तरीका बदला। पहले तुलना का आधार साल 2011-12 था। अब आधार साल 2022-23 हो गया। सोचिए, पुराने तराजू की जगह नया तराजू आ गया। दोनों सही हो सकते हैं, लेकिन एक तराजू का वजन दूसरे तराजू से सीधा नहीं मिलाया जा सकता।

दो अलग तरीकों को मिलाना गलत

जीडीपी से निकली महंगाई बाजार की महंगाई से काफी कम दिखती है। कई लोग पूछते हैं-अगर अर्थव्यवस्था इतनी तेज दौड़ रही है तो नौकरियां और आम आदमी की जेब क्यों उतनी नहीं सुधरतीं? रघुराम राजन जैसे अर्थशास्त्री यही पूछते हैं। कांग्रेस कहती है कि कई सालों के आंकड़े बड़ी मात्रा में घटाए गए, पूरा ब्योरा साफ नहीं है। ये सवाल जायज हैं। अच्छा आंकड़ा सिर्फ ऊंचा प्रतिशत नहीं होता। समझ में आने वाला हिसाब और रोजमर्रा की जिंदगी से मेल भी चाहिए। सरकार ने आधार साल इसलिए बदला क्योंकि पुराना ढांचा पुराना पड़ गया था। नए तरीके से पिछले साल का आकार छोटा दिखा, इसलिए इस साल की बढ़ोतरी बड़ी दिखी। दो अलग तरीकों को मिलाना गलत है। सरकार का दावा है कि वह अंतरराष्ट्रीय नियम तोड़ने की बजाय उनके करीब गई है-खासकर डबल डिफ्लेशन से। आम आदमी के लिए सरल बात यह हैः 7.8 प्रतिशत नए मीटर से नापा गया आंकड़ा है। पुराने मीटर से मिलाकर निकला 2.6 प्रतिशत तुलना की गलती है। विश्वास तभी बढ़ेगा, जब हर क्षेत्र का साफ हिसाब और पुराने सालों की पूरी तुलना सबके सामने हो।

सिंगल डिफ्लेशन था पुराना तरीका

दुनिया के ज्यादातर देश हर पांच-सात साल में आधार साल बदलते हैं। भारत में यह काम देर से हुआ, क्योंकि बीच में जीएसटी आया और कोविड पड़ा। 2022-23 इसलिए चुना गया कि वह साल ज्यादा असामान्य नहीं माना गया। सिर्फ साल नहीं बदला। अब जीएसटी के आंकड़े, गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन, सरकारी खर्च के डिजिटल रिकॉर्ड और नए कीमत सूचकांक भी इस्तेमाल होते हैं। असली जीडीपी निकालने के लिए महंगाई काटनी पड़ती है। इसे डिफ्लेशन कहते हैं। यानी दाम की हवा निकालना, ताकि पता चले कि असल में कितना ज्यादा सामान बना, सिर्फ महंगा तो नहीं हो गया। पुराना तरीका अक्सर सिंगल डिफ्लेशन था। कारखाने की तैयार चीज की कीमत से महंगाई एक बार काट दी जाती थी। दिक्कत यह है कि कारखाने का मुनाफा या मूल्य सिर्फ तैयार माल से नहीं बनता। आटा महंगा हो और रोटी सस्ती बिके, तो बेकर की कमाई घट जाती है।

असली मूल्य-वृद्धि साफ दिखती है

सिर्फ रोटी के दाम से हिसाब लगाने पर असली हाल छिप सकता है। डबल डिफ्लेशन में दो बार काटा जाता है। एक बार तैयार माल की महंगाई काटी जाती है। कितनी रोटियां बनीं। दूसरी बार कच्चे माल की महंगाई काटी जाती है-आटा, तेल, बिजली कितने महंगे हुए। दोनों का अंतर निकालकर पता चलता है कारखाने ने असल में कितना मूल्य जोड़ा। उदाहरण से समझिए। मान लीजिए एक कारखाना पंखे बनाता है। पंखे के दाम 8 प्रतिशत बढ़े, लेकिन लोहा और मोटर 12 प्रतिशत महंगे हो गए। सिंगल तरीके में सिर्फ पंखे की महंगाई काटने से उत्पादन अच्छा दिख सकता है। डबल तरीके में महंगे कच्चे माल को भी हिसाब में लिया जाता है, इसलिए असली मूल्य-वृद्धि कम या ज्यादा साफ दिखती है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, खासकर आईएमएफ, विनिर्माण के लिए इसी तरीके को बेहतर मानती हैं। भारत ने नई श्रृंखला में कारखानों के लिए इसे बढ़ाया है।

आधार साल बदलना आम चलन

पहले कई जगह पुराने थोक महंगाई सूचकांक पर ज्यादा निर्भरता थी। कुछ जानकार कहते हैं सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मापदंड तोड़े। कहानी उलटी है। आईएमएफ ने पहले भारत के जीडीपी आंकड़ों को "सी" ग्रेड दिया था। कारण थे बहुत पुराना आधार साल और कमजोर नापने का तरीका। नई श्रृंखला इन्हीं कमियों को ठीक करने की कोशिश है। आधार साल बदलना नियम तोड़ना नहीं, आम चलन है। एक तिमाही में अचानक बड़ी गिरावट दिखना आम आदमी को शक दिलाता है। पूर्व मुख्य सांख्यिकी विद प्रणब सेन ने कहा कि आंकड़े फर्जी नहीं लगते, लेकिन दिखने का तरीका खराब है। पुरानी गणना में अर्थव्यवस्था कुछ ज्यादा बड़ी बताई जा रही थी, नई गणना ने उसे काटा। एक ही नए तरीके के अंदर हिसाब लगाएं तो 7.8 प्रतिशत सही गणना है। 2.6 प्रतिशत तब निकलता है जब पुराना तराजू और नया तराजू मिला दिए जाएं। सांख्यिकी में यह मिलावट गलत मानी जाती है।

उथल-पुथल के बावजूद नहीं थमी अर्थव्यवस्था की रफ्तार

आर्थिकी
योगेश कुमार सोनी
स्वतंत्र पत्रकार

आज भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। इतनी बड़ी आबादी वाले देश को आर्थिक और सामाजिक स्तर पर संभालना अपने आप में बड़ी चुनौती है। भारत की आबादी कई देशों की कुल आबादी से भी अधिक है और कई देशों की आबादी जितनी है, उतनी हमारे एक राज्य की आबादी है। इसके बावजूद वैश्विक स्तर पर युद्ध, ऊर्जा संकट, महंगाई, सप्लाई चेन में व्यवधान और व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत मजबूत रफ्तार बनाए रखी है।

अप्रैल-जून 2026 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही, जो बाजार और आरबीआई के अनुमान से भी अधिक थी। यह आंकड़ा बताता है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है। भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल घरेलू बाजार है। पहली तिमाही में निजी खपत करीब 7.1 प्रतिशत बढ़ी। इसका अर्थ है कि वैश्विक मांग कमजोर होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह निर्यात पर निर्भर नहीं है। देश के भीतर बढ़ती खपत आर्थिक गतिविधियों को लगातार सहारा दे रही है। सड़क, रेलवे, बंदरगाह, मेट्रो, बिजली और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सरकारी निवेश लगातार बढ़ा है। इससे निर्माण क्षेत्र के साथ-साथ उससे जुड़े उद्योगों में भी मांग पैदा हुई है। अप्रैल-जुलाई 2026 में केंद्र सरकार का पूंजीगत खर्च करीब 30 प्रतिशत बढ़ा।यह निवेश केवल तत्काल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा नहीं देता, बल्कि भविष्य की उत्पादन क्षमता और रोजगार के लिए भी आधार तैयार करता है। अब केवल सरकार ही निवेश का इंजन नहीं है। अप्रैल-जून तिमाही में निजी निवेश में करीब 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन यानी जीएफसीएफ जीडीपी के 34.3 प्रतिशत तक पहुंच गया। निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी अर्थव्यवस्था के विस्तार को अधिक टिकाऊ बनाने का कार्य हुआ है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में करीब 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वित्तीय, रियल एस्टेट और आईटी से जुड़े क्षेत्रों में लगभग 12.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत की मजबूत सर्विस अर्थव्यवस्था वैश्विक आर्थिक झटकों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच बनकर उभरी है।डिजिटल भुगतान, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और बैंकिंग प्रणाली के विस्तार ने अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को औपचारिक बनाने में मदद की है। इससे टैक्स संग्रह, क्रेडिट की उपलब्धता और कारोबार की निगरानी में सुधार हुआ है। जीसीआरए ने भी जीएसटी और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भारत की आर्थिक मजबूती के महत्वपूर्ण आधारों में शामिल किया है। जीडीपी की 7-8 प्रतिशत वृद्धि निश्चित रूप से अच्छी खबर है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या इस आर्थिक वृद्धि का पर्याप्त लाभ रोजगार और आम लोगों की आय में भी दिखाई दे रहा है? यही भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। तेज आर्थिक वृद्धि को बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण रोजगार में बदलना होगा। मजदूरी में वृद्धि और लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है। केवल जीडीपी का बढ़ना पर्याप्त नहीं है, जब तक उसका लाभ समाज के व्यापक हिस्से तक नहीं पहुंचता। भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के लिए लॉजिस्टिक्स, बिजली, जमीन और नियामकीय बाधाओं को कम करना होगा। छोटे और मध्यम कारोबारों को सस्ता तथा आसान ऋण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके लिए बड़े बाजार खोलना भी जरूरी है। कृषि क्षेत्र भी अभी मौसम और सिंचाई पर काफी निर्भर है। कमजोर मानसून का असर सीधे ग्रामीण आय और खाद्य कीमतों पर पड़ सकता है। इसलिए सिंचाई, कृषि तकनीक और भंडारण व्यवस्था में निवेश बढ़ाना जरूरी है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल के आयात से पूरा करता है। ऐसे में भू-राजनीतिक संकट के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर महंगाई और चालू खाते के घाटे पर पड़ सकता है।जुलाई 2026 में खुदरा महंगाई 4.45 प्रतिशत रही, जबकि खाद्य महंगाई 5.52 प्रतिशत तक पहुंच गई। ऐसे में ऊर्जा और खाद्य कीमतों पर नियंत्रण आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आईटी से आगे बढ़ना अनिवार्य है।

भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के लिए लॉजिस्टिक्स, बिजली, जमीन और नियामकीय बाधाओं को कम करना होगा। छोटे और मध्यम कारोबारों को सस्ता तथा आसान ऋण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके लिए बड़े बाजार खोलना भी जरूरी है।

भारत की आईटीऔर डिजिटल सेवाएं वैश्विक स्तर पर मजबूत हैं, लेकिन निर्यात को और व्यापक बनाने की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, मशीनरी, टेक्सटाइल और अन्य विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात में बड़े स्तर पर विस्तार भारत को वैश्विक सप्लाई चेन में और मजबूत स्थान दिला सकता है। आगे की राह भी अनिवार्य है।भारत की आर्थिक मजबूती का मौजूदा मॉडल तीन प्रमुख स्तंभों पर खड़ा दिखाई देता है—घरेलू खपत, सरकारी पूंजीगत निवेश और तेजी से बढ़ता निजी निवेश। वैश्विक संकट के बीच यही संयोजन भारतीय अर्थव्यवस्था को अपेक्षाकृत मजबूती प्रदान कर रहा है। लेकिन अगले चरण की चुनौती इससे कहीं बड़ी है। भारत को तेज जीडीपी वृद्धि को तेज रोजगार, बढ़ती मजदूरी और व्यापक समृद्धि में बदलना होगा। यानी भारत ने वैश्विक उथल-पुथल के बीच अपनी अर्थव्यवस्था की रफ्तार थामी जरूर है, लेकिन अब जरूरत इस रफ्तार को लंबे समय तक टिकाऊ, रोजगारपरक और समावेशी बनाने की है। यही आर्थिक मजबूती की असली कसौटी होगी।

वैचारिक मतभेद बनाम निजी खुन्नस

चुनौती
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिमी एशिया और रूस-यूक्रेन की लड़ाई के चलते दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खा रहीं हैं। ऐसे में जब यह आंकड़ा आया कि देश की जीडीपी की विकासदर 7.8 प्रतिशत रही है, अव्वल तो खुशी का माहौल होना चाहिए था। लेकिन इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विवाद की बुनियाद बना है पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग का दावा। उनका कहना है कि जीडीपी आधार को 86 लाख करोड़ से घटाकर 80 लाख करोड़ कर दिया है।

इस लिहाज से यह दर शून्य से लेकर 2.6 प्रतिशत तक ही बैठती है। सरकार के आंकड़ों की कोई पूर्व रसूखदार अधिकारी खिल्ली उड़ाए और उसे विपक्ष न ले उड़ता तो हैरत ही होती, लेकिन ऐसा हो रहा है। इसकी वजह यह है कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ी वैचारिक खाई निजी खुन्नस और दुश्मनी तक पहुंच गई है। इस वजह से दोनों ही पक्षों में एक-दूसरे को लेकर भरोसे का रिश्ता नहीं रह गया है। यही वजह है कि देश को जोड़ने और आगे बढ़ाने वाले जब भी कोई मुद्दा या आंकड़ा सामने आता है, विपक्ष उसकी विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े करने लगता है। ऐसा नहीं कि अतीत में विपक्ष सरकार को नहीं घेरता रहा है। लेकिन तब भी यह ध्यान रखा जाता था कि राष्ट्रीय हितों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को लेकर ऐसे कदम न उठाए जाएं या ऐसे बयान न दिए जाएं, जिससे देश की छवि पर आंच पहुंचे। अगर ऐसा नहीं होता तो मानवाधिकार के मामले पर नेता प्रतिपक्ष पाकिस्तान की मुखालफत करने के लिए जेनेवा जाने वाले सरकारी दल की अगुआई नहीं करता। भारत ने जब-जब परमाणु परीक्षण किया, तत्कालीन विपक्ष उसके साथ रहा। वाजपेयी के पोखरण परीक्षण के बाद तो अमेरिका ने भारत पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे, लेकिन कांग्रेस ने तब भी वाजपेयी सरकार पर सवालिया निशान नहीं लगाए थे। आज के दौर में अगर मोदी सरकार ऐसा कोई परीक्षण करती है तो उससे आज का विपक्ष सबूत मांगेगा। इसी तरह जीडीपी के आंकड़ों को लेकर भी मोदी सरकार को झूठा ठहराने की कोशिश हो रही है। चीन गलवान कांड के दौरान भारतीय सीमावर्ती कमांड के चीफ रहे जनरल को बर्खास्त कर देता है, फिर भी राहुल गांधी की अगुआई में विपक्ष अब भी प्रचारित करने से परहेज नहीं कर रहा है कि गलवान घाटी में भारतीय सेना को चीन ने हराया और चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। विपक्ष, विशेषकर राहुल गांधी की ओर से बार-बार ऐसे बयान दिए जाते हैं, जिसका संकेत तो यही लगता है कि वे भारत की छवि को खराब कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की इस प्रवृत्ति को राष्ट्रीयता बनाम राजनीति के बहस के दायरे में लाकर राहुल गांधी पर सवालों की बौछार करती रहती है। विदेशों में भारतीय व्यवस्था पर बार-बार सवाल उठाया गया है। मसलन राहुल गांधी ने बोस्टन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। तब उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग 'कंप्रोमाइज्ड' है और इसके सिस्टम में 'बहुत गलत' है। हालांकि चुनाव आयोग ऐसे आरोपों का जवाब देता रहा, लेकिन विपक्ष की जुबान नहीं रुकी। इसी तरह बीते लोकसभा चुनाव के बाद अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में राहुल ने कहा था, 'भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा हुआ है, अब यह लड़ रहा है। 'इसी तरह सितंबर 2023 में राहुल ने यूरोपीय यूनियन को संबोधित करते हुए ब्रसेल्स में कहा था कि भारत में भेदभाव और हिंसा बढ़ रही है। इस तरह के बयानों से राहुल जहां भारत के आंतरिक मामलों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाते रहे हैं, वहीं इसके जरिए वे भारतीय संस्थाओं को खुद ही बदनाम करते हैं। ऐसे बयानों से अक्सर वे भारत को ही सवालों के घेरे में रखते हैं और इस तरह देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। उनके ऐसे बयानों को बाद में समूचा विपक्ष और ले उड़ता है और जगह-जगह भारतीय छवि को नुकसान पहुंचाता है। ऐसा ही इस बार जीडीपी को लेकर हो रहा है। विपक्ष को भूलना नहीं चाहिए कि ऐसे सवाल उठाकर वह भारतीय सरकार को नहीं, भारत की छवि को खराब कर रहा है। उसे देखना होगा कि भारत के आंकड़ों को विश्व बैंक ने भी मान्यता दे दी है। ऐसे में सवाल विपक्षी सोच पर भी उठता है। उसे भी सोचना होगा कि राष्ट्रीय विकास और हित में उसकी भी अपनी सकारात्मक भूमिका है और उसे निभाना होगा।

विदेशों में भारतीय व्यवस्था पर बार-बार सवाल उठाया गया है। मसलन राहुल गांधी ने बोस्टन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। तब उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग 'कंप्रोमाइज्ड' है और इसके सिस्टम में 'बहुत गलत' है।

बेतुके तर्कों के गढ़ते नेगेटिव नैरेटिव

विवाद
डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

भारतीय अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय लेखा प्रणाली में डेटा और सांख्यिकीय पद्धतियों का बहुत महत्व है। जब देश के वित्त सचिव पद पर रह चुका वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर की गणना पर सवाल उठाता है तो बहस का विषय बनना स्वाभाविक है। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग द्वारा जीडीपी आंकड़ों पर दिए तर्क के बाद देश के आर्थिक और राजनीतिक हलकों में एक तीखी बहस छिड़ गई। गर्ग का दावा था कि देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8% न होकर मात्र 2.6% के आसपास है।

उनके दावे के बाद आर्थिक सांख्यिकी विशेषज्ञों, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और आर्थिक सलाहकारों ने उनके विश्लेषण की बुनियादी खामियों को उजागर किया। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने आधार वर्ष 2022-23 की नई जीडीपी सीरीज के तहत वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के आंकड़े जारी किए। इन आंकड़ों के अनुसार पहली तिमाही की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8% और सांकेतिक जीडीपी 88.27 लाख करोड़ है। सुभाष चंद्र गर्ग का तर्क था कि पिछले वर्ष की पहली तिमाही की नॉमिनल जीडीपी का आंकड़ा पुरानी सीरीज (2011-12 आधार वर्ष) के तहत 86.05 लाख करोड़ बताया गया था। जब सरकार ने नई सीरीज (2022-23 आधार वर्ष) जारी की तो उन्होंने पहली तिमाही के नॉमिनल जीडीपी के आंकड़े को संशोधित कर 80.00 लाख करोड़ कर दिया। गर्ग का आरोप है कि सरकार ने पिछले साल के जीडीपी आंकड़े में लगभग 6 लाख करोड़ का बेस घटाकर चालू वर्ष की वृद्धि दर को कृत्रिम रूप से बढ़ाकर दिखाया है। वास्तविक आधार पर देश की आर्थिक वृद्धि शून्य के करीब है।

अर्थशास्त्र और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के मूलभूत सिद्धांतों के तहत सुभाष गर्ग का यह विश्लेषण गंभीर सांख्यिकीय विसंगति का शिकार माना गया। उन्होंने नई और पुरानी सीरीज का बेमेल मिश्रण कर दिया। सांख्यिकी और अर्थशास्त्र का पहला नियम यह है कि दो अवधियों के आंकड़ों की तुलना केवल तभी संभव है जब आधार वर्ष, डेटा स्रोत और मापन पद्धति समान हों। गर्ग ने अंश (न्यूमिनेटर) में नई सीरीज (बेस ईयर 2022-23) का आंकड़ा (88.27 लाख करोड़) और हर (डिनोमिनेटर) में पुरानी सीरीज (बेस ईयर 2011-12) का आंकड़ा (86.05 लाख करोड़) रख दिया। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और आर्थिक सलाहकारों ने इसे 'सेब की तुलना संतरों से करना' करार दिया। जब भी सांख्यिकी मंत्रालय आधार वर्ष बदलता है तो वह पुरानी ऐतिहासिक श्रृंखला को नई कार्यप्रणाली और व्यापक डेटा कवरेज के आधार पर पुनः कैलकुलेट करता है। नई 2022-23 सीरीज में केवल कीमतें ही नहीं बदलीं, बल्कि जीएसटी डेटा का व्यापक समावेश, नए कॉर्पोरेट फाइलिंग और डबल डिफ्लेशन जैसे सुधार लागू किए गए। जब पहली तिमाही को नई सीरीज के तहत पुनः मापा गया तो सही नॉमिनल बेस 80.00 लाख करोड़ निकला। नई सीरीज के समान मानकों पर वृद्धि दर की सही सांख्यिकीय तुलना की गई। जब नॉमिनल ग्रोथ 10.3% रही और जीडीपी डिफ्लेटर का प्रभाव हटाया गया तो वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8% ही निकलती है। गर्ग ने 2.6% की जिस दर की बात की वह नॉमिनल वृद्धि दर की गलत तुलना थी। उन्होंने सार्वजनिक रूप से इसे इस तरह पेश किया जैसे यह देश की वास्तविक विकास दर हो। एक पूर्व वित्त सचिव द्वारा महंगाई-समायोजित रियल जीडीपी और नॉमिनल जीडीपी के बुनियादी अंतर की उपेक्षा करना बेहद चौंकाने वाला माना गया। एक शीर्ष आईएएस अधिकारी और पूर्व वित्त सचिव के दावे का व्यापक विरोध और उपहास होने के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। जीडीपी पर कथित विवाद सांख्यिकी के अधूरे ज्ञान और भ्रामक मापन पद्धतियों का उपयोग करके एक नैगेटिव नैरेटिव स्थापित करने का मामला है। दो अलग-अलग आधार वर्षों वाली सीरीज के आंकड़ों को मिलाकर 2.6% का आंकड़ा निकालना सांख्यिकीय दृष्टिकोण से पूरी तरह अमान्य था। यही वजह रही कि आर्थिक जगत, सांख्यिकी मंत्रालय और नीति-निर्माताओं ने एक स्वर में उनके दावे को खारिज कर दिया।



सुभाष गर्ग का यह विश्लेषण गंभीर सांख्यिकीय विसंगति का शिकार माना गया। उन्होंने नई और पुरानी सीरीज का बेमेल मिश्रण कर दिया। सांख्यिकी और अर्थशास्त्र का पहला नियम यह है कि दो अवधियों के आंकड़ों की तुलना केवल तभी संभव है जब आधार वर्ष, डेटा स्रोत और मापन पद्धति समान हों।

खबर संक्षेप



लंदन स्क्वाश : क्वार्टर फाइनल में हारी अनाहत

लंदन। भारत की अनाहत सिंह क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी शिवसंगारी सुब्रमण्यम से हारकर लंदन स्क्वाश क्लासिक पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता से बाहर हो गई। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत को 4-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। अनाहत ने विश्व की नंबर 11 खिलाड़ी नेली गिलिस को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज यह भारतीय खिलाड़ी अब 12 सितंबर से शुरू होने वाले कतर क्लासिक टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट जापान में 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी का हिस्सा है।

एशिया कप : भारत ने दक्षिण कोरिया को हराया

मोकी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने महिला जूनियर एशिया कप में अपने खिताब बचाव अभियान की शुरुआत दक्षिण कोरिया पर 4-1 की शानदार जीत के साथ की। पिछले दो चरण के चैंपियन भारत ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ संयमित और दबदबे वाला प्रदर्शन किया। भारत की ओर से सानिका चंद्रकांत माने, पूर्णिमा यादव, पूजा साहू और मधु सिदार ने गोल किए। भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक इरादे दिखाए और पहले क्वार्टर में कई मौके बनाए। इसका फायदा उसे आठवें मिनट में मिला, जब सानिका ने गोल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने दक्षिण कोरियाई डिफेंस पर दबाव बनाए रखा और पहले क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारत ने आक्रामक खेल जारी रखा और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया।

ओमेगा यूरोपियन : टॉप टेन में बरकरार शुभंकर

क्रान्स मोंटाना। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आखिरी छह होल में तीन बोगी की लेकिन इसके बावजूद वह ओमेगा यूरोपियन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष-10 में बने रहने में कामयाब रहे। डीपी वर्ल्ड टूर में दो बार जीत हासिल कर चुके 30 वर्षीय शर्मा ने दूसरे दौर में छह बर्डी लगाई और चार बोगी की। इस तरह से उन्होंने इस दौर में दो अंडर 68 का स्कोर बनाया। शर्मा ने पहले दौर में छह अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाया था। इस तरह से अब उनका कुल स्कोर आठ अंडर है और वह संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं।

यूएस ओपन : कामिला रखिमोवा को 6-3, 6-4 से हराया

सबालेंका ने 54 मिनट में जीता मुकाबला, चौथे दौर में पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

यूएस ओपन के महिला एकल में दो बार की मौजूदा चैंपियन एरीना सबालेंका ने चौथे दौर में प्रवेश किया। उन्होंने कामिला रखिमोवा को 6-3, 6-4 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जो 54 मिनट तक चला। उन्होंने दूसरे दौर का अपना मैच केवल 53 मिनट में जीता था। वह सेरेना विलियम्स के बाद लगातार तीन यूएस ओपन खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने की कवायद में हैं। अंतिम 16 में उनका मुकाबला टेलर टाउनसेंड से होगा।

एरीना ने मादक पदार्थ की गंध के कारण रोका मैच

सबालेंका को मैच के दौरान मारिजुआना की गंध महसूस की। उन्होंने चेयर अंपायर से इसकी शिकायत की।उन्होंने बाद में कहा, 'दोस्तों आप जो चाहें कर सकते हैं। आप धूम्रपान करने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन कृपया टेनिस कोर्ट के आसपास ऐसा न करें। जब आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हों तो उस गंध को सहन करना थोड़ा मुश्किल होता है।'

जेसिका ने लेयला को हराया

तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने पहला सेट आसानी से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2021 की उपविजेता लेयला फर्नांडीज को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया। पेगुला का मुकाबला अब रोमानिया की 36 वर्षीय सोराना सिर्स्टिया से होगा, जो इस सत्र के बाद संन्यास लेने पर विचार कर रही हैं।



अल्काराज का विजय अभियान जारी

डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने चीन के वू यिबिंग को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-1 से हराकर यूएस ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई। दाहिनी कलाई की चोट से उबरने के बाद अप्रैल के बाद से अपने पहले टूर्नामेंट में खेल रहे अल्काराज़ ने ग्रैंड स्लैम इवेंट्स में अपनी जीत का सिलसिला 17 मैचों तक बढ़ा लिया है। अल्काराज को वू से शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक शॉट-मेकिंग वाले इस मुकाबले में ज़बरदस्त फोरहैंड दिखाए। शुरुआती सेट में वू ने अल्काराज की बराबरी की और उन पर दबाव बनाया, जिससे अल्काराज को पहले और दूसरे, दोनों सेट में मिली ब्रेक की बढ़त गंवानी पड़ी। हालांकि, दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी ने अहम मौकों पर अपना खेल बेहतर किया, मैच पर पकड़ बनाई और दो सेट की बढ़त हासिल कर ली।

लिंडा और मार्टा अगले दौर में

लिंडा नोस्कोवा और 11वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक भी अगले दौर में पहुंच गईं लेकिन सातवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 26वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने बाहर कर दिया। पुरुष एकल में 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। चौथे दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त मेदवेदेव का सामना 11वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो से होगा, जिन्होंने 22वीं वरीयता प्राप्त वैलेंटीन वाचेरोट को 6-4, 6-2, 6-4 से पराजित किया। स्टेफानोस सिटसिपास ने 18वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका को हराकर पहली बार यूएस ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।

महिला एशिया कप : पाकिस्तानी टीम 55 रन ही बना सकी

चरणी और प्रेमा की फिरकी में फंसा पाक, भारत ने सात विकेट से रौंदा

हरिभूमि न्यूज/भाषा ▶▶ दुबई/रोहतक

- श्री चरणी और रावत को 3-3 विकेट और दीप्ति शर्मा को 2 विकेट मिले।
- भारतीय टीम की लगातार तीसरी जीत
- भारत और पाकिस्तान की कप्तानों ने टॉस के दौरान हाथ नहीं मिलाया

श्री चरणी और प्रेमा रावत की युवा स्पिन जोड़ी की घातक गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह बेबस नजर आई और भारत ने शनिवार को महिला एशिया कप टी-20 के एकतरफा मुकाबले में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी को सात विकेट से रौंद दिया। बतौर कप्तान अपना 150वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं हरमनप्रीत कौर पुरुष और महिला क्रिकेट में इस मुकाम तक पहुंचने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय कप्तान बनीं। उनकी टीम ने पाकिस्तान को महज 55 रन पर समेट दिया जो टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान का अब तक का सबसे कम स्कोर है। भारत ने 8.4 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

हरमनप्रीत ने नाबाद 18 रन बनाए और विजयी छक्का लगाकर मुकाबला खत्म किया। दीप्ति शर्मा 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत की 22 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने चार ओवर में सिर्फ सात रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि 24 वर्षीय लेग स्पिनर प्रेमा ने चार ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट चटकाए। शेफाली वर्मा ने तीन ओवर में 10 रन देकर एक विकेट लिया। दीप्ति शर्मा ने 3.1 ओवर में पांच रन देकर दो विकेट झटकते हुए पाकिस्तान की पारी समेटने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (12), स्मृति मंधाना (9) और प्रतिका रावल (4) के विकेट जल्दी गंवा दिए। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने तीनों को पवेलियन भेजा। फिर हरमनप्रीत ने और दीप्ति ने भारत को आसानी से जीत तक पहुंचा दिया।

शेफाली ने दिखाया फिरकी का जादू

भारत की तरफ से गेंदबाजी में रोहतक की शेफाली वर्मा ने भी अपनी फिरकी का जादू दिखाया और 1 महत्वपूर्ण विकेट चटकाया। बल्लेबाजी के दौरान शेफाली ने पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर आक्रामक शुरुआत की और 6 गेंदों में 12 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 3,000 रन भी पूरे किए और यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं।

इससे पहले अपने 200वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में पाक ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने शुरुआती चार ओवर में बिना विकेट खोए 27 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। मुनीबा को दो जीवनदान मिलने के बावजूद वह 13 रन ही बना सकीं, जबकि शवाल ने 14 रन का योगदान दिया। इसके बाद पाक की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई और कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका। हरमनप्रीत ने पिच से स्पिनरों को मिल रही मदद को भांपते हुए पांचवें ओवर से ही फिरकी का जाल बिछा दिया। उनका यह दांव पूरी तरह सफल रहा।

सात्विक-चिराग सत्र के दूसरे खिताब से एक कदम दूर

तीसरी बार चीन मास्टर्स के फाइनल में

भाषा ▶▶ शेनजेन

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को शानदार रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी कियोंग को तीन गेम में हराकर तीसरी दफा चीन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही भारतीय जोड़ी इस सत्र के अपने दूसरे खिताब से अब सिर्फ एक जीत दूर है। सात्विक-चिराग की दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी ने दूसरे गेम में लड़खड़ाने के बाद जोरदार वापसी की और 29वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी को एक घंटे पांच मिनट में 21-15, 18-21, 21-11 से हराया। भारतीय जोड़ी 2023 और 2025 के चरण में उपविजेता रही थी। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी अब खिताबी मुकाबले में चीन के हे जी तिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी से भिड़ेगी। चिराग ने कहा, ''हम दोनों के लिए पिछले तीन महीने आसान नहीं रहे। यह सही में बहुत अच्छा लग रहा है। जाहिर तौर पर हम काफी समय तक बाहर रहे इसलिए ब्रेक के बाद अपने दूसरे ही टूर्नामेंट में फाइनल में पहुंचना बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। यह हमारे लिए खास है।'' सात्विक ने कहा, ''अब हम वापस जाकर पहले थकान से उबरेंगे करेंगे। फिर देखेंगे कि सुबह उठने पर हमारा शरीर कैसा महसूस करता है। इसके बाद हमें सिर्फ एक और मैच खेलना है। हम कल अपना शत प्रतिशत देंगे और फिर उसके बाद आगे की सोचेंगे।''

पैरा तीरंदाजी: भारत की दमदार शुरुआत, युगल में हरविंदर-भावना शीर्ष वरीय

अहमदाबाद। पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर सिंह की अगुआई में भारतीय तीरंदाजों ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में शानदार शुरुआत की जहां पुरुष और महिला रिकर्व ओपन वर्ग में भारत के चार-चार तीरंदाजों ने सीधे प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता हरविंदर ने पुरुष रिकर्व ओपन वर्ग के क्वालीफिकेशन में 720 में से 636 अंक जुटाकर तीसरी वरीयता हासिल की। ईरान के घोलामरेजा रहीमी 647 अंक के साथ शीर्ष पर रहे, जबकि इंडोनेशिया के खोल्दिन ने 641 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। भारत के परवीन 633 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। सहजवीर सिंह ने 626 अंक जुटाकर छठा स्थान हासिल किया, जबकि विजय सुंडी 618 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। शीर्ष-10 में चार भारतीयों के रहने का फायदा उन्हें मिला और चारों ने 32 खिलाड़ियों के ड्रॉ में सीधे प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त हरविंदर का सामना चीन के 14वीं वरीयता वाले गान जुन से होगा।

विलियम्स बहनों की वापसी पर फिरा पानी

टाईब्रेकर में हारी सेरेना और वीनस

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

सेरेना विलियम्स और वीनस विलियम्स को यूएस ओपन डबल्स में हार का सामना करना पड़ा है। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में विलियम्स बहनों को चैन हाओ-चिंग और माया जॉइंट की जोड़ी ने निर्णायक सुपर टाईब्रेक में जीत हासिल की। तीन घंटे तक चले मैच में, चैन और जॉइंट ने 14 बार की ग्रैंड स्लैम डबल्स चैंपियन को 6-3, 6-7 (8), 7-6 [7] से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई।

मुकाबले में पड़ी सुपर टाईब्रेक की जरूरत

इस परिणाम ने विलियम्स बहनों को टूर्नामेंट में दमदार वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खचाखच भरे ऐश स्टेडियम में एक ऐसा मुकाबला देखने को मिला जो बार-बार दोनों टीमों के बीच घूमता रहा और आखिर में नतीजा तय करने के लिए सुपर टाईब्रेक की जरूरत पड़ी। चैन और जॉइंट ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और पहला सेट 6-3 से जीत लिया। लेकिन, विलियम्स बहनों ने दूसरे सेट में नए जोश के साथ जवाब दिया और अपनी अपोनेंट्स को सर्व पर कोई मौका नहीं दिया। सेट टाईब्रेक तक गया, जिसमें कोई भी जोड़ी 12 गेम तक बराबरी नहीं कर पाई। सेरेना और वीनस ने ब्रेकर में 5-3 से बढ़त बना ली, जब सेरेना ने बैकहैंड वॉली विनर बनाया, लेकिन चैन और जॉइंट टचिंग डिस्टेंस के पास ही रहे।

विलियम्स बहनों ने की कई महंगी गलतियां

विलियम्स बहनों ने लगातार तीन गेम जीतकर सेट बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने बाकी सेट में अपनी सर्विस बनाए रखी, जिससे मैच सुपर टाईब्रेक में चला गया। सेरेना और वीनस ने शानदार शुरुआत की, 5-0 की बढ़त बना ली और यादगार वापसी वाली जीत के बहुत करीब पहुंच गईं। लेकिन फिनिश पूरी तरह से चैन और जॉइंट के नाम रहा। विलियम्स बहनों की कई महंगी गलतियों ने उनके विरोधियों को वापसी करने का मौका दिया। नेट में लगातार शॉट लगाने से अंतर कम हुआ, इससे पहले कि वीनस ने 6-3 पर डबल फॉल्ट किया। चैन और जॉइंट ने मौके का फायदा उठाया और लगातार छह पॉइंट बनाए। फिर चैन ने मैच पॉइंट पर वॉली विनर मारकर टूर्नामेंट की सबसे रोमांचक जीतों में से एक पूरी की और विलियम्स बहनों की न्यूयॉर्क डबल्स कॉम्पिटिशन में वापसी खत्म कर दी। चैन के नेट पर वीनस ने मुकाबला जिंदा रखा, इससे पहले कि विलियम्स बहनों ने एक और सेट पॉइंट हासिल किया। फिर जॉइंट ने एक अनरिटर्न्ड सर्व करके स्कोर 6-5 कर दिया, लेकिन अगले मौके पर सेरेना ने डबल फॉल्ट कर दिया। विलियम्स बहनों ने आखिरकार अपना पांचवां सेट पॉइंट तब बदला जब जॉइंट ने फोरहैंड बेसलाइन के पार भेजा, जिससे मुकाबला निर्णायक सेट में चला गया।

आज से दलीप ट्रॉफी फाइनल, लय हासिल करना चाहेंगे सिराज

बड़े स्कोर पर पडिक्कल, तिलक, सूर्यवंशी की नजरें

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

वैभव सूर्यवंशी, देवदत्त पडिक्कल और तिलक वर्मा पूर्वी क्षेत्र और दक्षिणी क्षेत्र के बीच रविवार से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के फाइनल में लाल गेंद क्रिकेट में अपने हाल के प्रदर्शन को और बेहतर करने की कोशिश करेंगे जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की निगाह लय हासिल करने पर होगी। पडिक्कल को साई सुदर्शन के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम में जो मौका मिला, उसका उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भरपूर फायदा उठाया।

शमी खेलेंगे 100वां मैच

शमी का यहां 100वां प्रथम श्रेणी मैच होगा, जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। वह राष्ट्रीय टीम में वापसी की कोशिश में लगे हैं और वह यहां अच्छा प्रदर्शन करके अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे। भारत के लिए उन्होंने अपना आखिरी मैच मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के रूप में खेला था।

वैभव की सभी प्रारुप में खेलने की संभावना

पूर्वी क्षेत्र से खेलने वाले सूर्यवंशी ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ सेमीफाइनल में 92 और 40 रन बनाकर यह साबित कर दिया कि वह परिस्थितियों के अनुसार अपना खेल खेलने में माहिर हैं और उन्हें केवल सीमित ओवर के प्रारुपों तक ही सीमित नहीं माना जाना चाहिए। अगर वह फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हैं तो उनकी सभी प्रारुप में खेलने की संभावना बढ़ जाएगी।

सिराज को सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में आना होगा

अनुभवी तेज गेंदबाज सिराज को न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में आना होगा। वह दक्षिण क्षेत्र की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज विदवत कावेरप्पा की जगह ले सकते हैं। सिराज श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में प्रभाव नहीं छोड़ पाए और वह किसी भी समय लय में नहीं दिखे। उनके इस प्रदर्शन को देखते हुए कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि सिराज को अपनी लय वापस पाने की जरूरत है। इशान किशन पूर्व क्षेत्र की कप्तानी करेंगे और अगले सप्ताह अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल होने से पहले वह कुछ रन बनाने के लिए उत्सुक होंगे।

मैच का समय : सुबह 9:30 बजे

एएचएफ जूनियर एशिया कप

भारत की इंडोनेशिया पर बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ मोकी

भारत ने पूल ए के अपने पहले मैच में इंडोनेशिया पर 14-0 की बड़ी जीत के साथ एएचएफ जूनियर पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। कप्तान अनमोल एक्का, प्रभदीप सिंह और अजीत यादव तीनों ने मिलकर 12 गोल किए, जिससे पांच बार की चैंपियन टीम ने टूर्नामेंट पर जल्द अपना दबदबा कायम कर लिया। प्रभदीप ने सर्वाधिक पांच गोल दागकर 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार हासिल किया। कप्तान अनमोल ने चार जबकि यादव ने तीन गोल किए। बाकी दो गोल हरपाल और आशु मौर्य ने किए। मैच शुरू होत ही भारत ने आक्रामक रवैया अपनाकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे।

भारतीय खिलाड़ियों ने दागे लगातार गोल

भारतीय खिलाड़ियों ने इंडोनेशिया के गोल पर लगातार हमले किए। इंडोनेशिया के खिलाड़ी पूरे मैच में संघर्ष करते हुए नजर आए। प्रभदीप ने पांचवें मिनट में गोल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। हरपाल ने आठवें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय फॉरवर्ड लाइन को लगातार मौके मिलते रहे। अनमोल ने मैच का अपना पहला गोल 16वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से किया। इसके चार मिनट बाद यादव ने एक और गोल दागकर स्कोर 4-0 कर दिया। प्रभदीप ने 26वें और 30वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की।

खबर संक्षेप

जयशंकर 26 सितंबर को यूएन में देंगे संबोधन

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र की शुरुआत 8 सितंबर से होगी। 193 सदस्यीय इस संगठन के नेता 22 से 28 सितंबर तक होने वाले विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे।

पूर्व राष्ट्रपति के बेटे नमल राजपक्षे अरेस्ट

कोलंबो। श्रीलंका एयरलाइन के लिए एयरबस विमानों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के मामले में देश के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बड़े बेटे नमल राजपक्षे को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच करने वाले आयोग के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। आयोग ने 5 घंटे तक उनसे पूछताछ की थी।

यूनानी वायुसेना का लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

एथेंस। यूनान की राजधानी एथेंस में टनाग्रा वायुसेना अड्डे पर आयोजित वार्षिक हवाई प्रदर्शनी 'एथेंस फ़्लाइंग वीक' के दौरान हजारों दर्शकों के सामने शनिवार को यूनानी वायुसेना का लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्विन-सीट फैंटम एफ-4 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद वहां मौजूद लोगों के घायल होने की तत्काल कोई खबर नहीं मिली। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होकर जमीन पर गिरने के बाद उसमें आग लगी।

पिज्जा आउटलेट से ड्रग्स बेचा जा रहा था, अरेस्ट

वॉशिंगटन। कैलिफोर्निया में एक पिज्जा आउटलेट से ड्रग्स बेचने के आरोप में एक भारतीय नागरिक पर मामला दर्ज किया गया है। 50 वर्षीय कावल प्रीत सिंह दीनुबा में अपने द्वारा संचालित राउंड टेबल पिज्जा रेस्टोरेंट से थोक में मेथम्फेटामाइन बेच रहा था। संघीय एजेंटों ने 18 अगस्त को सिंह के घर और व्यवसाय की तलाशी ली थी और 40 पाउंड से अधिक मेथम्फेटामाइन, तीन हथियार और 10,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद जब्त किया।

रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम! राष्ट्रपति पुतिन ने दिए आदेश

3 दिन तक कीव पर बमबारी रोकी, शांति वार्ता के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पहुंचा मॉस्को

भारत ने दी शांति बरतने की सलाह

यूक्रेन पर रूस के बड़े पैमाने पर हमले को खत्म करने की रुकी हुई कोशिशों को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शनिवार को मॉस्को पहुंचे

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शनिवार को बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कीव पर हमले रोकने के लिए 72 घंटे का समय देने का आदेश दिया है। पेस्कोव ने कहा कि पुतिन ने आदेश दिया है कि आज आधी रात से शुरू होकर तीन दिनों तक कीव पर कोई हमला न किया जाए। उन्होंने बताया कि यह फैसला शांति वार्ता के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकोफ और जेरेड कुशनर की कीव यात्रा की तैयारियों से जुड़ा है।

यूक्रेन पर रूस के बड़े पैमाने पर हमले को खत्म करने की रुकी हुई कोशिशों को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शनिवार को मॉस्को पहुंचे। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब दोनों पक्षों ने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि दूतों की यात्रा के दौरान यूक्रेन हवाई हमले रोक देगा और मॉस्को से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया था। अब मॉस्को ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

जेरेड कुशनर (बांए), किरिल दिमित्रिएव, स्टीव विटकॉफ मॉस्को पहुंचे

कीव भी जा सकते हैं अमेरिकी दूत

एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति पुतिन के विशेष रूसी दूत किरिल दिमित्रिएव ने इन दूतों का स्वागत किया। दिमित्रिएव ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के विमान से उतरने के दौरान उनसे मुलाकात की तस्वीरें शेयर कीं और साथ में लिखा कि मॉस्को में शांतिदूतों का स्वागत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद विटकॉफ और कुशनर पिछली बार जनवरी में मॉस्को गए थे, जब उन्होंने क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। वे कभी कीव नहीं गए हैं, लेकिन जेलेंस्की ने कहा था कि उन्हें रविवार को यूक्रेनी राजधानी में उनके आने की उम्मीद है।

रूस ने यूक्रेन पर बरसाए बम, 4 लोगों की मौत

अमेरिकी शांति दूतों के मॉस्को पहुंचने से पहे रूस ने यूक्रेन के दो एयरपोर्ट पर भी हमला किया है। रूस ने रात भर में निप्रो इलाके में आम नागरिकों के ठिकानों पर हमला किया, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई, और साथ ही कीव के दो हवाई अड्डों को भी निशाना बनाया। जेलेंस्की ने इसे शांति प्रक्रिया को बाधा पहुंचाने वाला कदम बताया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि शुक्रवार को कीव में रूस के एक ड्रोन ने यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी एसबीयू के हेडक्वार्टर पर हमला किया। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने एसबीयू को उचित और ठोस जवाब देने का निर्देश दिया है, जबकि यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिगा ने इसे हालात को और गंभीर बनाने वाला कदम बताया। 2022 में रूस के हमले की शुरुआत के बाद से पहली बार था यूक्रेन के इस ताकतवर सुरक्षा एजेंसी के मुख्यालय पर हमला हुआ।

ईयू देश की रूस पर हमले की योजना!

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईयू देश यूक्रेन के समर्थन में मिलकर रूस पर हमले की योजना बना रहे हैं। इससे पहले यूरोपीय संघ (ईयू) और नाटो रूस के हमलों को रोकने के लिए मॉस्को पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। नाटो क्षेत्र के लिए संभावित खतरों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सीआईए प्रमुख जॉन रैटक्लिफ ने हाल ही में मॉस्को का दौरा किया था। ईयू पहले ही रूस के सैन्य-औद्योगिक परिसर से जुड़े करीब 1,600 लोगों और संस्थाओं के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े प्रतिबंधों की तैयारी के संकेत दे चुका है। इसके साथ ही नाटो भी रूसी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए नए दंडात्मक उपायों पर काम कर रहा है।

भारत भी शांति के कर रहा प्रयास

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 3 से 5 सितंबर तक यूक्रेन और पोलैंड की आधिकारिक यात्रा पर थे। बुधवार को उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपतिवोलोदिमिर जेलेंस्की और यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा से मुलाकात की थी। जयशंकर ने कहा था कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में मदद के लिए तैयार है। जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता के लिए भी तैयार है। जेलेंस्की ने पीएम मोदी के उस रुख का भी स्वागत किया, लगातार बातचीत और कूटनीति के जरिए युद्ध खत्म करने की बात कहता रहा है। इसके बाद शुक्रवार को जयशंकर पोलैंड की राजधानी वारसॉ पहुंचे थे जहां उन्होंने डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की से बातचीत की थी।

अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष और तेज

खर्ग द्वीप के पास ईरानी टैंकर पर अमेरिकी हमला

ईरान के खर्ग द्वीप पर यूएस का हमला

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष में शनिवार को एक बार फिर तनाव बढ़ने की खबर सामने आई। ईरान के प्रमुख तेल केंद्र खर्ग द्वीप के पास एक तेल टैंकर को अमेरिका ने निशाना बनाया। इसके बाद इलाके में धमाकों की आवाजें सुनी गईं। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अमेरिकी हमले के बाद खर्ग द्वीप के आसपास विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। एक तेल टैंकर को निशाना बनाए जाने की बात कही गई है। ईरान ने दावा किया कि टैंकर को उस समय चार प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया, जब उसमें से तेल उतारा जा रहा था। वॉशिंगटन के अनुसार, इन हमलों का लक्ष्य उन ईरानी बलों को निशाना बनाना था, जो समुद्री मार्ग में बारूदी सुरंगें बिछाने और समुद्री यातायात के लिए खतरा पैदा करने में शामिल थे। इससे पहले भी अमेरिका ने ईरान पर हमला किया था। उसके बाद ईरान ने जॉर्डन को निशाना बनाया था। जिसके पलटवार में ईरान ने जॉर्डन स्थित अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं।

सऊदी अरब और अमेरिका के बीच सैन्य डील

अमेरिका ने सऊदी अरब को करीब 5 अरब डॉलर के हथियार और सैन्य उपकरण बेचने की संभावित डील को मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित बिक्री में सटीक निशाना लगाने वाली जेडीएएम-ईआर प्रणालियां, हजारों बम और उनसे जुड़े उपकरण शामिल हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने इसकी जानकारी कांग्रेस को दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, सऊदी अरब ने 5,004 केएमयू-572 जेडीएएम गाइडेंस किट और 5,000 केएमयू-556 जेडीएएम गाइडेंस किट की मांग की है। इसके अलावा 5,004 बीएलयू-111 500-पाउंड सामान्य उपयोग वाले बम और 5,000 बीएलयू-117 2,000-पाउंड बम भी प्रस्तावित पैकेज का हिस्सा हैं। डील में फ्यूज सिस्टम, टारगेट डिटेक्टर, कंटेनर, स्पेयर पार्ट्स, सपोर्ट उपकरण और अन्य जरूरी सामान भी शामिल होंगे। इसके साथ अमेरिकी सरकार और ठेकेदारों की इंजीनियरिंग, तकनीकी और लॉजिस्टिक सेवाएं भी प्रस्तावित हैं।

पहले भी दक्षिणी तट पर किया था हमला

1 सितंबर को अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी तट के साथ एक और बड़ा हमला किया। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इस कार्रवाई में ईरानी वायु रक्षा प्रणाली, रडार प्रतिष्ठानों, समुद्री संसाधनों, बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमता और संचार ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर बताया कि अमेरिकी बलों ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े ठिकानों पर हमला किया। इनमें वायु रक्षा स्थल, रडार सिस्टम, समुद्री संसाधन, माइन बिछाने की क्षमता और संचार सुविधाएं शामिल थीं।
अमेरिका ने कहा कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों और अमेरिकी सैन्यकर्मियों के खिलाफ आईआरजीसी की कथित गतिविधियों के बाद की गई।

बेल्जियम के पीएम लाए थे अनूठा उपहार

पीएम मोदी को देना चाहते थे चॉकलेट से बना 'इंडिया गेट'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बेल्जियम के पीएम बार्ट डी वेवर भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के लिए एक बेहद अनोखा उपहार लाना चाहते थे, जो दिल्ली के ऐतिहासिक इंडिया गेट की बेल्जियन चॉकलेट से बनी एक रेप्लिका थी। लेकिन इस खूबसूरत तोहफे के साथ एक समस्या हो गई। चॉकलेट का नाजुक मॉडल भारत तक के लंबे सफर के दौरान रास्ते में ही पिघल गई। 3 सितंबर को नई दिल्ली में पीएम मोदी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, डी वेवर ने खुद मजाकिया अंदाज में यह किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि उनकी योजना पीएम मोदी को दुनिया की सबसे बेहतरीन बेल्जियन

एआई इमेज

चॉकलेट से बना इंडिया गेट भेंट करने की थी। हालांकि, असली इंडिया गेट की तरह चॉकलेट से बना यह संस्करण यात्रा के दौरान मजबूती से खड़ा नहीं रह सका और रास्ते में ही पिघल या टूट गया। इस पर चुटकी लेते हुए बेल्जियम के पीएम ने कहा कि चॉकलेट डिप्लोमेसी के लिए तो बेहतरीन है, लेकिन कूटनीतिक यात्राओं के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

सैन्य परिसर के अंदर जोरदार विस्फोट

बोलिविया में 10 की मौत, 62 घायलों में एक बच्ची शामिल

एजेंसी ▶▶ ला पाज

दक्षिण अमेरिकी देश बोलिविया में शुक्रवार को एक सैन्य परिसर में हुए जोरदार विस्फोट ने भारी तबाही मचा दी। स्थानीय स्वास्थ्य निदेशक रीटा नेब्रास्का के मुताबिक, हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 से ज्यादा लोग घायल हुए। हालांकि, मृतकों की संख्या बढ़कर 15 तक पहुंचने की आशंका जताई गई है। घायल लोगों में से 14 को इलाज के लिए ला पाज के अस्पतालों में ले जाया गया। इनमें एक बच्ची भी शामिल थी, जो तीसरी डिग्री तक जल गई। पुलिस के अनुसार, 50 से ज्यादा लोग घायल हुए और विस्फोट की

वजह से आसपास के दर्जनों घरों को नुकसान पहुंचा। धमाके की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि कई घरों की खिड़कियां टूट गईं। विस्फोट स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:30 बजे वियाचा स्थित सैन्य परिसर में हुआ। यह इलाका बोलिविया की राजधानी ला पाज से करीब 30 किमी दूर है। धमाका उस हिस्से में हुआ जहां आतिशबाजी और पायरोटेक्निक सामग्री रखी गई थी।

गाजियाबाद पुलिस ने पकड़ा था गैंग, पाक के लिए कर रहे थे जासूसी

जियो-टैगिंग वाली तस्वीरें और वीडियो पाक भेजीं

13 लोगों के खिलाफ एनआईए ने कोर्ट में दाखिल की चार्जशीट

पाकिस्तान को भेज रहे थे संवेदनशील जानकारी

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले 13 लोगों के खिलाफ एनआईए ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। गाजियाबाद के कौशांबी पुलिस ने इस गैंग का खुलासा किया था। जिनके पास से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल के साक्ष्य पाए गए थे। जहां कौशांबी थाने में केस दर्ज हुआ था। बाद में यह केस एनआईए के पास चला गया। एनआईए लखनऊ कोर्ट में जिन आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल की गई है उनमें प्रवीण, राज वाल्मीकि, शिवा वाल्मीकि, रितिक गंगवार, समीर उर्फ शूटर, दुर्गेश निषाद, नौशाद, गगन कुमार, विवेक, शिवराज, मीरा ठाकुर, इरम उर्फ महक शामिल हैं। इस मामले में 5 नाबालिग हैं। अन्य के खिलाफ अभी जांच चल रही है।

गाजियाबाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

कई बड़े मंदिरों के फोटो भी भेजने थे

जांच में यह भी सामने आया था कि इस गैंग के द्वारा दिल्ली, गाजियाबाद, राजस्थान के कई बड़े मंदिरों के फोटो भी भेजने थे, यहां कैमरे लगाने की तैयारी थी। लेकिन उससे पहले ही यह पकड़े गए।

अलग अलग राज्यों में कैमरे लगाए थे

जांच में यह भी साबित हुआ है कि आरोपियों ने गैर-कानूनी तरीके से महत्वपूर्ण और प्रतिबंधित व संवेदनशील इलाकों में घुसपैठ की, वहां तक पहुंचे और उन तक पहुंच बनाई, जासूसी कैमरे लगाए, और दुश्मन देश में मौजूद लोगों, संस्थाओं को संवेदनशील जानकारी (जिसमें जियो-टैगिंग वाली तस्वीरें और वीडियो शामिल हैं) भेजी। भारतीय सिम कार्ड हासिल करने और इस्तेमाल करने में मदद की। उनके सटीक जीपीएस कोऑर्डिनेट्स हासिल करने में भी उनकी सक्रिय रूप से मदद की, जिससे देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता और सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

पुलवामा जा चुके थे आरोपी

जांच में पता चला कि पाकिस्तान में बैठे लोग इन आरोपियों में से कुछ को ट्रेनिंग के लिए पुलवामा भेज चुके थे। अब इन सभी को लद्दाख भेजने की तैयारी थी। जहां इन लोगों को कैमरे लगाने थे। आरोपी दिल्ली की सराय रोहिल्ला से जोधपुर और जैसलमेर तक रेलवे कनेक्टिविटी पर नजर रख रहे थे। आरोपियों के मोबाइल फोन में वाट्सएप चैट के अलावा दिल्ली कैंटोमेंट बोर्ड क्षेत्र के सुरक्षा प्रतिष्ठानों की वीडियो मिले हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28